चाँद का नृत्य (रक्त बंधन किताब एक)

रक्त बंधन श्रृंखला किताब 1



Amy Blankenship, RK Melton
एमी ब्लंकेनशिप, आरके मेलटन

TEKTIME

Amy Blankenship

चाँद का नृत्य (रक्त बंधन किताब एक)

«Tektime S.r.l.s.»

Blankenship A.

चाँद का नृत्य (रक्त बंधन किताब एक) / A. Blankenship — «Tektime S.r.l.s.»,

एनवी का जीवन बहुत अच्छा था। अच्छा सा भाई, अच्छा सा प्रेमी, और बेहतरीन नौकरी, जिसके एक लडकी ख़्वाब देख सकती है... शहर के सबसे लोकप्रिय क्लबों में बार को संचालित करना। कम से कम यह तब तक अच्छा था जब तक कि उसे अपने सबसे अच्छे दोस्त का फोन नहीं आया कि उसका प्रेमी मून डांस के डांस फ्लोर पर ऊर्ध्व लम्बिो कर रहा है। उसका सामना करने के उसके निर्णय से घटनाओं की एक श्रृंखला शुरू होती है जो उसे रोजमर्रा की गहमागहमी के नीचे छुपी एक खतरनाक अपसामान्य दुनिया से परिचित कराएगी। एक ऐसी दुनिया जहां लोग जगुआर में बदल सकते हैं, वास्तविक जीवन के पिशाच सडकों पर घूमते हैं, और गिरे हुए फरिश्ते हमारे बीच चलते हैं। डेवन एक इच्छाधारी जगुआर है, जो स्वभाव से थोड़ा उग्र है और मून डांस के संयुक्त मालिकों में से एक है। उसकी दुनिया अपनी धुरी पर झुक जाती है जब वह अपने क्लब में नाचती हुई लाल बालों वाली एक आकर्षक लोमडी की जासूसी करता है, जो एक सनकी दिल और एक टेसर से लैस है। अपने चारों ओर चलते हुए एक पैशाचिक युद्ध के बीच, डेवन इस महिला को अपना बनाने की कसम खाता है... और वह उसे पाने के लिए अंतिम सांस तक लडेगा।

© Blankenship A.
© Tektime S.r.l.s.

Содержание

आमुख 6
अध्याय 1 10
अध्याय 2 20
Конец ознакомительного фрагмента. 30

चाँद का नृत्य (रक्त बंधन किताब एक)
रक्त बंधन श्रृंखला किताब 1
एमी ब्लंकेनशिप, आरके मेलटन
अनुवादक : मुमताज नाज़ा
कॉपीराइट © 2021 एमी ब्लंकेनशिप
द्वितीय संस्करण टेकटाइम द्वारा प्रकाशित
सर्वाधिकार सुरक्षित

आमुख

एंजेलेस अभयारण्य खतरनाक कूगरों और आयातित जगुआरों का घर है, जो वन के विस्तार में विचरण किया करते हैं। कभी-कभी कुछ विशेष रातों में उनकी संख्या ज़रा बढ़ जाती है, क्योंकि एलए के इच्छाधारी जानवर, या बदलने वाले, जैसा लोक-कथाओं में बताया जाता है, जंगली ज़मीन पर अपने दूर के रिश्ते के भाइयों के साथ विचरण करते हैं। यह वे रातें होती हैं, जब असली जानवर अपनी गुफाओं में दुबक जाते हैं, क्योंकि शहर के शिकारी शिकार के लिए उनके क्षेत्र में लंबे समय के लिए घुसपैठ करते हैं या किसी किसी अवसर पर अपनी उन लड़ाइयों का निपटारा करते हैं, जिनका निपटारा इंसानी इलाकों में नहीं हो सकता।

जब ये इच्छाधारी लड़ते हैं और यदि उनमें से कोई घायल हो जाए, तो वे इन्सानों के लिए भी उतने ही खतरनाक हो जाते हैं, जितने कि उनके जानवर प्रतिरूप और इससे बुरा कुछ नहीं होता । उन इन्सानों से बचने के लिए, जिनके बीच ये रहते हैं, इच्छाधारी जब भी संभव होता है, अपने विवादों को उन इन्सानों की सीमा से बाहर तय करते हैं, और इसके लिए बेहतरीन जगह उनके जन्मजात शिकारी जंगलों की सुदूर गहराई में होती है।

आज जंगल भयानक रूप से खामोश था, क्योंकि शहर के केंद्र के सबसे बड़े क्लब के दो मालिक अपने अंदर के जानवर को खुला छोड़ने के लिए अपने बदन के कपड़ों की चिंदी-चिंदी करते हुए जंगली धरती में प्रवेश कर रहे थे। आज की रात वे एक पिशाच की क़ब्र की तलाश कर रहे थे, जो उन दोनों को तबाह कर सकता था।

जंगलों की गहराई में जहां कोई इंसान उन्हें सुन नहीं सकता था, मलाची, एक छोटे जगुआर कुल का मुखिया, अंधेरे में अपने दुश्मन की ओर भागा.... एक आदमी, जिस पर उसे अपने पक्के दोस्त से बढ़ कर भरोसा नहीं करना चाहिए था। उसका शिकार भी एक इच्छाधारी था, इसकी रगों में एक कूगर का खून दौड़ रहा था।

मलाची नथनियल की तलाश में मैदान में घुस गया, जहां वह उसके इंतज़ार में इंसानी रूप में खड़ा था। चंद कदम आगे चलने के बाद, अपने एक रूप से दूसरे में बदलते हुए, मलाची अपने इंसानी रूप में आ गया। चाहे वे किसी भी रूप में होते, लेकिन वे दोनों काफी घातक थे। इंसानी रूप में वे दोनों ही बलिष्ठ थे, और नर्म त्वचा के नीचे उनकी कसी हुई मांसपेशियाँ फौलादी थीं। इच्छाधारी जल्दी बूढ़े नहीं होते थे और दोनों ही आदमी मुश्किल से 30 के लगते थे, हालांकि वे दोनों ही अपने पचासवें वर्ष में थे।

अगर यह कोई हॉलीवुड की मूवी होती तो इसे मोटे तौर पर बदलने में कुछ मिनिट लगते, लेकिन यह वास्तविकता थी, और इस मैदान में कोई लार टपकाते हुए राक्षस नहीं थे। एक इच्छाधारी के लिए नग्नता कोई बड़ी बात नहीं थी, और उन के सर के ऊपर छाए हुए तूफानी बादलों में पड़ी एक दरार से छन कर चाँदनी उन पर किसी स्पॉट लाइट की तरह पड़ रही थी।

"इस पर बात करने की ज़रूरत नहीं है," अपने दोस्त के सामने अपना पक्ष रखते हुए नथानियल ने कारण स्पष्ट करने का प्रयास किया। "मेरी बात सुनो ! यह तीस साल पहले की बात है और अब चीज़ें बदल गई हैं.....मैं बदल गया हूँ।"

“तीस सालों के झूठ की कीमत !” मलाची गरजा, उसकी आवाज़ मैदान में गूंज रही थी। उसकी नजरें उस स्थान की खोज कर रही थीं, जहां उसने केन को दफनाया था और उसने अपनी आँखों में नमी की चुभन महसूस की। "तुम्हारे कारण, मैं ने केन को खाक में मिला दिया था.....तुम्हारे कारण मैं ने उसे तीस सालों तक छोड़ दिया था।"

"मैं तुम्हें उसे क़ब्र से निकालने नहीं दूंगा, मलाची ! तुम जानते हो कि अगर तुमने ऐसा किया तो उसका क्या परिणाम निकलेगा," नथानियल ने घबराते हुए मलाची को उस व्यक्ति की क़ब्र की तलाश करते हुए देखा, जो कभी उसका सब से अच्छा दोस्त हुआ करता था। वह इसे कभी नहीं समझा। केन एक पिशाच था, और वह खतरनाक था।

केन भी उन दो चीज़ें में से एक था, जो जगुआरों तथा कूगरों की साझेदारी के बीच की अड़चन थीं.....केन और मलाची की हसीन, धोखेबाज़ और बेवफा बीवी कार्लोटा। नथानियल पहले उससे प्यार करता था। वह नहीं चाहता था कि यह ऐसा मोड़ ले। अंततः नथानियल ने इन मुश्किल का हल एक ईर्ष्यायुक्त जुनून में ढूंढा.....उसने एक तीर से दो शिकार किए।

"वह मेरा सबसे अच्छा दोस्त था और उसने कभी मुझे धोखा नहीं दिया था ! वह तुम थे, जिसने मेरी पीठ में छुरा भोंका था !" मलाची ने हाथ उठा कर अपनी पहनी हुई बालियों को छुआ, वही, केन की बालियाँ, उसने क्रोध के आँसू पीने के प्रयास में पलकें झपकाईं, क्या हुआ था ? जब उसने केन को अपनी मुर्दा बीवी

पर झुके हुए देखा था, वह उलझन में स्तब्ध रह गया था, तब तक नथानयिल ने केन के कातिल होने की पुष्टि नहीं कर दी थी।

वह यहीं, इसी मैदान में मरी होगी, तो उसने सोचा कि केन को भी ठीक इसी धरती में दफन कर देना ही सही होगा....इसी मिट्टी में। यहाँ तक कि उसने केन की जादू की किताब को भी चुरा लिया था और इसे बदला लेने के लिए उसी के खिलाफ इस्तेमाल किया था।

हाँ, नथानयिल एक चीज़ के बारे में सही था। अधिकतर पिशाच बुरे थे, लेकिन कुछ अपवाद भी थे, और केन उनमें से एक था। लेकिन जो उसने किया, उससे ज़्यादा बुरा कुछ भी नहीं था। यह जादू केवल केन की जीवनसाथी द्वारा उलटाया जा सकता था।

उस वक्त मलाची को यह मज़ाक लगा था, क्योंकि केन चिरयुवा था और अभी तक अपनी जीवनसाथी से नहीं मिला था। अतीत में वह और केन अक्सर मज़ाक किया करते थे कि ऐसी औरत कभी पैदा ही नहीं होगी। उस के मस्तिष्क में केन की वह मुस्कुराहट कौंध गई, जब उसने कहा था, 'ईश्वर को ऐसी औरत बनाने के लिए काफी मज़ाकिया बनना पड़ेगा, जिसमें उसके कुछ गुण हों।'

"वह यहाँ नीचे काफी समय से दफ्न है।" नथानयिल ने चेतावनी दी। "जिस तरह की रक्त-पिपासा और पागलपन उस पर सवार था.... अगर तुम केन को अभी मुक्त करोगे, तो वह हम दोनों को मार डालेगा।"

मलाची के दिमाग़ में झटका लगा और उसने नथानयिल पर नज़र डाली। "वह केवल मुझे मार सकेगा, क्योंकि तुम तो पहले ही मर चुके होगे।"

"इस धमकी के साथ ही दोनों आदमी फिर से जानवरों के रूप में आ गए।"

*****

विशाल पशु उद्यान के सबसे नज़दीकी शिविर-स्थल के किनारे पर टबाथा किंग या टैबी, जैसे की हर कोई उसे बुलाता था, अपने माता-पिता की विशाल पर्यटक वैन की सीढ़ियों पर बैठ कर घने बादलों से बाहर झांकते आसमान के सितारों को देख रही थी। उसने अपनी आँखों पर पड़े अपने बालों को फूँक मार कर उड़ाया। वह खुश थी कि आखिरकार बारिश रुक गई थी।

वह जीवन में पहली बार कैंपिंग कर रही थी और अंतिम चीज़ जो वह करना चाहती थी, वह थी आरवी के अंदर बंद होना। वह इस दौरे को ले कर बेहद उत्साहित थी और वह और भी अधिक खुश हो गई थी, जब वे छोटे से पालतू कुत्ते स्क्रैपी को ले जाने को तैयार हो गए थे। इसके लिए उसे बहुत विनती करनी पड़ी थी, लेकिन अपने छोटे से सबसे अच्छे दोस्त, जो एक यॉर्की पिल्ला था, की देख-भाल करने का वादा करने के बाद उसने अपने अनिच्छुक माता-पिता की रज़ामंदी हासिल कर ली थी।

वह फिलहाल बाहर अंधेरे पर भौंक रहा था और अपने पट्टे के चारों ओर बेचैनी से घूम रहा था और उस छाया का पीछा करना चाहता था जिसने उसका ध्यान आकर्षित किया था। जब स्क्रैपी ने अचानक खुद को आज़ाद करा लिया और भाग गया तो छोटी लड़की की सांस रुकी की रुकी रह गई। जब पिल्ला शिविर-स्थल को पशु-उद्यान से अलग करने वाली बाड़ के नीचे बने एक छोटे से छेद के अंदर घुस गया तो वह लोहे की सीढ़ियों पर खड़ी हो गई।

"स्क्रैपी, नहीं !" टैबी चिल्लाई और कुत्ते के पीछे भागी। उसके माता-पिता ने उस पर भरोसा किया था कि वह उसे खोएगी नहीं। बाड़ के पास रुक कर उसने सांस ली और अंधेरे में खड़े पेड़ों को देखा। "मैं डरपोक नहीं हूँ।" उसने इरादा करते हुए अपने निचले होंठ को काटा और छेद की जांच करने के लिए घुटनों के बल नीचे झुकी।

थोड़ा सा खुरचने के बाद वह भी उसी छेद से अंदर घुस गई और दौड़ते हुए दूर से आती हुई झगड़े की आवाज़ों का पीछा करने लगी। "तुम मुझे परेशानी में डालोगे," वह झुंझलाहट में फुसफुसाई, फिर उसने जीभ के तचकने की आवाज़ निकालनी शुरू की, क्योंकि कुत्ता अक्सर उस आवाज़ से पास आ जाता था।

"टैबी, तुम कहाँ हो ?"

टबाथा ने सुना, उसकी माँ पीछे से उसे पुकार रही थी लेकिन उसकी रुचि अपने कुत्ते को शिविर स्थल पर वापस लाने में ज़्यादा थी। स्क्रैपी उसका कुत्ता था, और उसकी देख-भाल उसकी ज़िम्मेदारी थी। तो अपनी माँ को जवाब देने की बजाय वह खामोश रही और स्क्रैपी की ज़ोर-ज़ोर से भौंकने की आवाज़ों का पीछा करती रही।

थोड़ी ही देर पहले टबाथा एक मिनिट के लिए रुकी थी और अपनी साँसों पर काबू पाया था। वह एक पेड़ के साहारे झुक गई और अपने हाथ उसने अपने गंदे घुटनों पर रख लिए, वह सांस लेती रही और जंगल की आवाज़ों को सुनती रही। वह हमेशा से जंगल में जाना चाहती थी और ये आवाज़ें सुनना चाहती थी, जैसा टीवी की फिल्मों में इंडियन करते थे।

बरसाती बादल, जो थोड़ी देर पहले ज़रा फट गए थे वापस घरि आए थे, तथा चाँदनी की चमक अचानक गायब हो गई थी। जब उसे एहसास हुआ कि शिविर-स्थल की रौशनियाँ अब उसकी नज़रों से ओझल हो चुकी हैं तो उस की आँखें फैल गईं।

उसने हिचकिते हुए कदम बढ़ाया, और चारों ओर नज़र दौड़ाई, लेकिन उसे अंधेरे, मुश्किल से दिखने वाले पेड़ों के तने और गहरी छायाओं के अलावा और कुछ भी नज़र नहीं आया। जब उसे अपने पीछे थोड़ी दूरी पर गुर्राने की आवाज़ सुनाई पड़ी तो वह रोने लगी। यह फैसला कर के कि वह उस दिशा में नहीं जाना चाहती, उसने बिना पीछे देखा भागना आरंभ कर दिया।

जैसा कि हमेशा लगता था, उसने फिर से स्क्रैपी को भौंकते हुए सुना और यह उम्मीद करते हुए कि गुर्राने वाला प्राणी उसका पीछा नहीं कर रहा है, उसी दिशा में भागी। उसने एक और गुर्राहट सुनी, लेकिन इस बार वह आवाज़ उसके सामने की ओर कहीं से आ रही थी। उसने अपनी एड़ी को ज़मीन पर गड़ाते हुए रुकने का प्रयास किया, लेकिन ज़मीन चिकिनी पत्तियों और बारिश से भीगे हुए कूड़े से ढकी हुई थी। रुकने की बजाय वह और आगे की ओर फिसिल गई, और फिर एक हल्की ढलान में गिर गई।

जब उसका शरीर एक गिरे हुए पेड़ से टकरा कर रुका तो उसकी सांस फूल गई थी। अपनी साँसों पर नियंत्रण पाने के बाद, जिस पहली चीज़ पर उसका ध्यान गया वह यह थी कि अब स्क्रैपी भौंक नहीं रहा था। उसने गुर्राहट दोबारा सुनी और जब उसने एक हल्की रिरियाहट सुनी तो वह वापस पहाड़ पर चढ़ने लगी। अपने घुटनों के बल वह पेड़ के तने के सिरे पर पहुँच गई और वहाँ से उसे एक छोटा सा मैदान दिखा, जो चाँदनी में चमक रहा था।

वहीं बीचों-बीच में स्क्रैपी था, रो रहा था जैसे उसे घर के पास सड़क पर किसी कुत्ते ने मारा हो। पिल्ला जमीन से लगा हुआ था और पीछे की ओर रेंग रहा था। उसने जब यह देखा तो उसकी नीली आँखें चौड़ी हो गईं। मैदान में दो जानवर धीरे-धीरे एक दूसरे की ओर बढ़ रहे थे और स्क्रैपी ठीक उनके बीच में था।

“डमी,” टैबी अपनी सांसों में फुसफुसाई।

उसने उन तसवीरों के कारण जानवरों को पहचान लिया, जो उसके पिता ने उसे दौरे पर आने से पहले दिखाई थीं। एक कूगर था, और दूसरे को उसने टीवी पर देखा था.....एक जैगुआर। उसे जानवरों के कार्यक्रम देखना पसंद था और जब जानवर टीवी पर एक दूसरे पर हमला करते थे, तो वह अपनी माँ की तरह डरती नहीं थी। लेकिन यहाँ बात अलग थी.....यह असली था और थोड़ा डरावना था।

वे बिल्लियाँ थीं और विशाल भी थीं, जो किसी को भी खा सकती थीं। शानदार जानवर एक दूसरे की आँखों में आँखें डाले एक दायरे में घूम रहे थे, अपने गले की गहराई से गुर्रा रहे थे और उनकी आँखें सोने के मेडलों की तरह चमक रही थीं। डरावनी आवाजें हवा के बहाव के साथ उस तक पहुँच रही थीं, जो टबाथा की तरफ ही बह रही थीं, जबकि वह घबराहट और विस्मय से उन्हें देखती रही।

"चलो स्क्रैपी," वह फुसफुसाई, वह उम्मीद कर रही थी विशाल बिल्लियाँ उसे सुन नहीं पाएँगी। "इससे पहले कि उनमें से कोई तुम पर पाँव रख दे, इधर आओ।" वह कहने जा रही थी 'खा न लें,' लेकिन वह कुत्ते को और डराना नहीं चाहती थी, वह पहले से ही काफी डरा हुआ था।

बिल्लियाँ अचानक चीखीं, और टबाथा ने अपनी हथेलियों से अपने कान बंद कर लिए, क्यों कि यह आवाज़ बहुत तेज़ और डरावनी थी। वे दोनों एक दूसरे पर झपटे, जिसकी वजह से स्क्रैपी ने अपनी दुम अपने पैरों के बीच दबा ली और डर के मारे किकियाने लगा।

डरे हुए पिल्ले को देख कर टबाथा पेड़ पर चढ़ गई और जितनी तेज़ दौड़ सकती थी, स्क्रैपी की ओर दौड़ी। वह बिल्लियों की तुलना में स्क्रैपी के ज़्यादा नजदीक थी, उसने गोता लगाया और उसके छोटे से शरीर को जल्दी से अपने नीचे छुपा लिया, तभी बिलकुल ठीक उसके ऊपर दोनों जानवर एक दूसरे से गुत्थम-गुत्था हो गए।

"प्लीज़, मेरे कुत्ते को चोट मत पहुंचाना !" वह चिल्लाई।

जब एक नुकीले पंजे ने उस की बांह को चीर दिया और दूसरे ने उसकी पीठ पर खरोंच लगाई तो वह फिर से चिल्लाई। बिल्लियाँ हड्डियों को झनझना देने वाली आवाज़ के साथ, एक दूसरे पर गरजते और गुर्राते हुए, ठीक उसके पीछे धरती पर गिरीं। वह स्क्रैपी पर झुकी रही, जो अब भी काँप रहा था और धीमे-धीमे रिरिया रहा था, और उन जानवरों की ओर देखने की भी हिम्मित नहीं कर पा रहा था, जो उससे कुछ ही दूरी पर लड़ रहे थे।

टबाथा हिलने से भी डर रही थी और वह कुत्ते को जितना हो सकता था उतने ज़ोर से पकड़े थी। उसकी आँखें बंद होने लगीं और वह स्क्रैपी से फुसफुसाने लगी कि अगर बिल्लियों में से कोई उसे भी पकड़ ले तो वह भाग जाए और मदद लाए। उसने अपनी पीठ पर किसी गीली और गरम चीज़ की फुहार महसूस की लेकिन वह फिर भी नहीं हिली। अंततः लड़ाई समाप्त हो गई और उसे अपने कंधे के पीछे देखने का एक मौका मिला।

जब उसने अपने पीछे खून से सने हुए दो आदमियों को पड़े पाया तो वह काँपने और रोने लगी। टबाथा अपने कुत्ते को बाँहों में उठाए, धीरे से अपने घुटनों के बल उठी और वापस जाने लगी। कूगर और तेंदुआ कहाँ चले गए ? क्या उन्होंने इन दोनों आदमियों पर हमला किया और फिर भाग गए ? उन आदमियों ने कोई कपड़े क्यों नहीं पहने हुए थे ?

अचानक नथानियल ने अपनी आँखें खोलीं और अपने नुकीले दांतों से उसे डराया।

टबाथा पीछे की ओर ठोकर खा कर गिरने को हुई, लेकिन उसने खुद को संभाल लिया। जब वह आदमी कूगर की तरह गुर्राया तो कुत्ता फिर से किकियाया और टैबी की बाहों से निकलने के लिए छटपटाने लगा। वह डर के मारे चिल्लाते हुए जंगल में भाग गया।

मलाची ने झटका खाया, क्योंकि उसके सीने से खून बह रहा था। उसने अपना मुंह खोला और गुर्राहट में छोटी लड़की से एक शब्द बोला।

"भागो !" जैगुआर की कानों को फाड़ देने वाली एक चीख के साथ उसकी आवाज़ खामोश हो गई।

टबाथा ने आज्ञा का पालन करने में ज़रा भी देर नहीं लगाई। वह अपनी एड़ियों पर घूमी और बिना पीछे देखे मैदान से भागना आरंभ कर दिया। उसको ज़रा भी परवाह नहीं थी कि वह कहाँ जा रही है ; उसे केवल इतना पता था कि उसे खून में डूबे हुए उन भयानक आदमियों से दूर जाना है।

*****

"धन्यवाद, यह स्थानीय समाचार हैं। आज एक स्थानीय परिवार के पास जश्न मनाने का एक कारण है। उनकी बेटी टबाथा तीन दिन पहले अपने कुत्ते की तलाश में क्रिस्टिल झील के पास के शिविर स्थल से गायब होने के बाद आखिरकार आज एंजेलस के अभयारण्य में निरुद्देश्य भटकती हुई पाई गई। स्पष्टत: कुत्ते ने अपने को पट्टे से छुड़ा लिया था और जंगल में भाग गया था। सात वर्षीय लड़की ने बहादुरी से कुत्ते का पीछा किया और वह उसे आज सुबह तक नहीं मिला था। दुर्भाग्य से उसके साथ उसका कुत्ता नहीं मिला। अधिकारियों के अनुसार वह सामुदायिक हस्पताल में है और सदमे से उबरने का प्रयास कर रही है, क्योंकि ऐसा लगता है कि वह किसी कूगर के हमले से बच कर आई है। नन्ही टबाथा ने वन संरक्षकों को जंगल में पड़े दो घायल आदमियों के बारे में बताया लेकिन पाँच हज़ार वर्ग मील के क्षेत्र में व्यापक खोज-बीन के बाद भी कुछ भी नहीं मिला। इस के बारे में अधिक जानकारी हम आपको आगे भी बताते रहेंगे।"

अध्याय 1

10 साल बाद…

क्लब से लयबद्ध ढंग से संगीत की जोरदार आवाज़ें आ रही थीं, और लय के साथ ताल मिलाते हुए इसका विशाल बैंगनी नियोन साइन रंग बदल रहा था। गली की इमारतों पर रौशनियाँ एक अजीब सी चमक पैदा कर रही थी। उस इमारत की छत पर छोटे और हल्के सुनहरे बालों वाला एक आदमी किनारे पर पाँव रख कर खड़ा था। वह आगे की ओर झुका, अपने मुड़े हुए घुटने पर एक कोहनी टिका कर सिगरेट पीने लगा।

केन ट्रिप ने अपना सर हल्का सा टेढ़ा किया और अपने छोटे स्पाइकी बालों पर हाथ फिराया। वह इन्हें काटने से नफरत करता था, और इनकी पहली वाली लंबाई को याद करता था। वह अपनी कमर पर झूलते हुए उनके रेशमी स्पर्श को अब भी महसूस कर सकता था। उसने सिगरेट को अपने होंठों में दबाया और एक गहरा कश खींचा, वह जानता था कि उसने कितनी चीज़ें खो दी हैं जैसे वे सिगरेटें, जो वह ज़िंदा दफन कर के मरने के लिए छोड़ दिये जाने से पहले पिया करता था।

चालीस लंबे साल बीत गए, जब वह जैगुआर नस्ल के मुखिया मलाची द्वारा बचाव में पकड़ा गया था, और उस पर उसकी पत्नी की हत्या का आरोप लगा था। उस रात से पहले केन का जैगुआरों के साथ अच्छा ताल-मेल था और उन का मुखिया उस का सबसे अच्छा दोस्त था। याद करते हुए केन ने होंठ भींच लिए। मलाची ने उसे क्रोध के दौरे में जांचा, परखा था और सज़ा भी सुना दी थी।

जिस किताब को केन ने इतनी सावधानी से छिपाया था, उसी किताब के जादू का इस्तेमाल करते हुए मलाची ने उसे एक अभिशाप से बांध दिया था, हिलने-डुलने या बात करने में असमर्थ... अपना बचाव तक करने में असमर्थ। फिर उसने केन के खूनी पत्थर की बाली को निकाल लिया था, जिससे उसे दिन के उजाले में चलने-फिरने की आजादी मिलती थी। खूनी पत्थर, जो कभी पहले पिशाच, सिन के हुआ करते थे।

केन ने एक बार पूछा था कि कोई पहला कैसे हो सकता था और उत्तर ने उसे चौंका दिया था।

सिन इस दुनिया में अकेला आया था, घायल और भूखा-प्यासा। उसे एक युवा व्यक्ति मिला और भूख के मारे सिन ने उसका खून ले लिया। पिशाच जल्दी ही जान गए कि इस दुनिया के इंसान बहुत नाज़ुक प्राणी हैं, जिनसे अगर वह इस ग्रह पर एक परिवार की रचना करने की आशा में अपना खून साझा करता है, तो उनकी आत्मा उन्हें छोड़ देती है। लेकिन जब उनकी आत्मा चली जाती है, वह उसके लिए बेकार हो जाते हैं और एक राक्षस से भी बढ़ कर हो जाते हैं।

अपने अंतहीन जीवन के दौरान सिन को केवल तीन ऐसे इंसान मिले थे, जो अपनी आत्मा को बचा पाये थे....उसके बच्चे बन कर भी। उनमें केवल इतना फर्क आता था कि जब वे बदल जाते थे तो सूरज उन्हें जला देता था.....जिसकी वजह से उन्हें और उनके राक्षस भाइयों को दिन की रौशनी से छुपना पड़ता था। सिन के ग्रह पर खूनी पत्थर के कारण ऐसी कोई समस्या नहीं थी।

जो मोटा सा कड़ा सिन पहने रहता था, वह उसकी अपनी दुनिया से आया था और खूनी पत्थर का बना हुआ था। उस कड़े से एक टुकड़ा टूट जाने पर उसने उसे एक अंगूठी, एक हार और एक इकलौती बाली में गढ़वा लिया था। केन ने एक बार फिर उस बाली को छू कर देखा, जो उसने पहनी हुई थी।

जहां खूनी पत्थर ने उसे एक अर्द्ध-सामान्य जीवन दिया था.... यह सिन की जादू की किताब थी, जो केन के पतन का कारण बनी थी। सिन ने उसे अपने चुने हुए उत्तराधिकारी के बुद्धिमत्ता पूर्वक उपयोग करने के लिए छोड़ा था। इसके अंदर एक घातक मंत्र था, आत्मा विहीन बच्चों के दमन का एक तरीका, यदि कभी वे इन्सानों के लिए कोई बड़ा खतरा पैदा कर दें तो।

जब उस घातक जादू का उस पर प्रयोग किया गया, तो केन अपनी काली, झपकने में अक्षम आँखों से अपने पूर्व मित्र को अपने ऊपर मिट्टी डालते हुए केवल देख ही सकता था। आखिरी चीज़ जो उसे याद थी, वह जंगल के ऊपर तारों से भरा आकाश था।

अंधेरा अत्यधिक खामोश था और सब कुछ निगल गया था। जादू ने उसे बांध दिया था, वह मिट्टी में चीजों को अपने ऊपर रेंगते महसूस कर सकता था। छोटे-छोटे भौतिक प्राणी, जो उसका अनश्वर मांस खाने से बचते थे लेकिन अंजाने में उसकी आत्मा को कुतरते थे।

जैसे-जैसे समय गुज़रता गया, उसे लगने लगा कि हो न हो, वह पागल हो गया है, और फिर उसे अक्सर आवाज़ें सुनाई देने लगीं….. स्वर। उनका उसके कैदखाने में स्वागत था और वह और स्वर सुनने के लिए तरसता रहता था। कभी कभी उसे पूरे परिवारों की आवाज़ें सुनाई देतीं, और कभी कभी केवल वयस्कों की।

कभी कभी वह मंत्र से लड़ने, मदद के लिए पुकार लगाने या यहाँ तक कि किसी का साथ पाने का भी प्रयास करता। जादू ने उसे बुरी तरह जकड़ रखा था, और उसे बिलकुल शक्तहीन कर दिया था। वह

इस मंत्र को जानता था......उसका राक्षसों पर प्रयोग कर चुका था। यह जादू का एक जटिल भाग था, जिससे छुटकारा पाने के लिए उसे किसी प्रिय व्यक्ति के खून की आवश्यकता थी। वह प्यार का जादू इतना मजबूत था, कि उसे केवल शिकार का जीवनसाथी तोड़ सकता था।

यह हमेशा आत्माहीन पिशाचों पर कारगर होता था, क्योंकि एक आत्मीय साथी पाने के लिए आपके पास एक आत्मा होनी चाहिए। उसने दुनिया को अपने राक्षसी हत्यारे भाई-बहनों से छुटकारा दिलाने के लिए एक से अधिक बार इस जादू का इस्तेमाल किया था, जो रक्त-पिपासा के अलावा कुछ नहीं जानते थे।

केन अपनी तबाही की भयानक यादों पर दुर्भावनापूर्ण हंसी हंसा.....क्योंकि उसकी कोई आत्मीय साथी नहीं थी। कम से कम वह ऐसे किसी रहस्य से कभी दो-चार नहीं हुआ था। और यदि होती भी, तो भी यह मुमकिन नहीं था कि वह खून बहाती हुई उसकी कब्र पर आ गिरती। मलाची का दिल बिलकुल टूट चुका था.....वह अपनी बीवी से इतना प्यार करता था कि वह चाहता था कि केन ऐसे प्यार की गहराई को समझे और उसके लिए तड़पता रहे।

वह इसके लिए तड़पा था। उसने कई बार आँसू बहाए थे, प्रार्थनाएँ की थीं, कि शायद ईश्वर ही सुन ले, और उसकी जीवनसाथी को उस तक ले आए, ताकि वह मुक्त हो सके। यदि उसने वाकई अपने दोस्त की बीवी को मारा होता, तो उसकी यह सज़ा न्यायपूर्ण होती। लेकिन वह ऐसे किसी अपराध से पाक था।

उस रात, उम्मीद छोड़ देने के काफी दिन बाद.....उसने इसे सुना था। मलाची की दूर से आती गर्जना ने उसके पागल आंतरिक एकालाप को तोड़ दिया, जिसके साथ रोष की एक और पशुवत चीख भी शामिल थी। फिर उसे झटका लगा, उसने अपने ठीक ऊपर एक नन्ही बच्ची की आवाज़ सुनी, जो चिल्ला रही थी कि उसके कुत्ते को चोट न पहुंचाई जाए।

उसकी नन्ही, डरी हुई आवाज़ ने उसके अंदर कुछ तोड़ दिया, और उसमें मुक्त होने की इच्छा पैदा कर दी, ताकि वह उसे रात के अंधेरे में उन जानवरों से बचा सके।

"मलाची तुम्हारे कुत्ते को चोट नहीं पहुंचाएगा, नन्ही बच्ची," केन मन ही मन में फुसफुसाया।

यह सच था। मलाची किसी को भी चोट नहीं पहुंचा सकता था, जब तक कि वे उसके साथ किसी तरह का गंभीर अन्याय न करें..... विशेष तौर पर एक बच्चा। यह जान कर कि उसका दोस्त वहीं कहीं उसके ऊपर है, केन ने अपने अंदर जीवन की एक चिंगारी जलती हुई महसूस की। जब लड़की दोबारा चिल्लाई और उसने किसी कठोर चीज़ को धरती पर गिरते सुना तो उसे गुस्सा आ गया। खून..... उसने ताज़े, छलकते हुए खून की महक सूंघ ली, जो नर्म मिट्टी को भेदते हुए उसकी ओर बह रहा था।

यह उसके सामने आने वाली सबसे स्वागत योग्य बात थी। गंध उसके दिमाग़ में घुस गई और इस बात ने कि वह उस तक पहुँच नहीं सकता, उसे पागलपन की ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। एक लंबे समय से उसने एक बूंद भी नहीं पी थी इस वजह से वह काफी कमजोर हो चुका था......कि वह प्यास से मर रहा था, जबकि वह मर नहीं सकता था। तभी उसने अपनी एक उंगली में फड़कन महसूस की।

केन ने इस पर ध्यान केन्द्रित किया अपने दिमाग़ की बची-खुची ताक़त को एकत्रित कर के हिलने की कोशिश की। उसने गुजरे हुए दिनों को महसूस किया, और उन्हें अपने ऊपर की ज़मीन से आती हुई गर्मी पर आधारित किया। अब खून की गंध ने उसे चारों ओर से घेर लिया था और वह उसे प्रेरित कर रही थी। आखिरकार वह अपनी बाहों से काम करने में सक्षम हो गया और अपनी स्वयं की क़ब्र को खोद कर उसमें से खुद को बाहर निकाल पाने की धीमी प्रक्रिया शुरू कर दी।

और भी दिन गुजरे और जब उसके हाथों ने आखिरकार सतह को तोड़ा, वह सच में खुशी के आँसू रोया था। मिट्टी में से बाहर आते हुए केन ने अपनी आँखें खोलीं और ऊपर की ओर देखा, और जैसे ही उसने अपने सर के ऊपर काला आकाश और तारे देखे, वह पागलों की तरह हंसने लगा। फिर उसने नीचे ज़मीन को देखा तो उसे कपड़े का एक टुकड़ा दिखा, जिस पर खून के छींटे पड़ कर सूख गए थे। उसने उसे उठा लिया, उसे अपनी नाक तक ले गया और खून की उस गंध को सूंघा, जिसने उसे आज़ाद किया था।

अपने बचाने वाले की याद को सख्ती से अपनी मुट्ठी में भींच कर उसने अपने बाक़ी शरीर को भी ज़मीन से ऊपर उठाया। मलाची और उस इच्छाधारी की लाशें, जिसने सच में जैगुआर की बीवी को मारा था, उसकी क़ब्र से कुछ ही कदमों की दूरी पर पड़ी थीं।

जंगल में अपने अतीत का सामना करते हुए, वह जानता था कि लड़की बहुत दूर जा चुकी थी लेकिन केन को यकीन हो चला था कि वह बच्ची ही उसकी जीवनसाथी है। मलाची के द्वारा उस पर किए हुए जादू को और कौन तोड़ सकता था ?

लड़की को ढूँढने के लिए वह काफी कमजोर था, इसलिए केन रेंग कर मलाची तक गया और उसके गालों को नर्मी से छुआ। उसका चेहरा अपनी ओर घुमाया, तो केन की साँसों ने उसे उलझन में डाल दिया। मलाची ने खूनी पत्थर की बाली पहनी हुई थी। उसकी बाली !

क्रोध की एक लहर के साथ केन बिजली की तेजी से, बाली अपनी मुट्ठी में दबाए, खड़ा हो गया। उसने नथानियल पर नज़र डाली, वह आदमी, जिसने उसे निशाना बनाया था, केन ने अंधेरे को अपने चारों ओर एक लबादे की तरह ओढा और उसी अंधेरे में ग़ायब हो गया।

केन ने सांस छोड़ी और हवा में बहते धुएँ को देखा, जो हवा में घुलने से पहले उसके सामने चक्कर काट रहा था। उसने पिछले दस साल भिन्न-भिन्न महाद्वीपों के भिन्न-भिन्न देशों में घूमते हुए, और जो कुछ भी उसने अपनी तीस साल की कैद में खोया था, वह सब सीखते हुए बिताए थे।

उसने धीरे धीरे अपनी ताक़त वापस प्राप्त कर ली थी, जिसकी शुरुआत उसने एक सफ़ेद योर्की कुत्ते से की थी, जो उसे उसी जंगल में एक पेड़ की कोटर में दुबका हुआ मिला था। वह किसी का पालतू लग रहा था और उसे ऐसा करते हुए ग्लानि भी महसूस हुई थी, लेकिन उस समय उसके लिए अपनी भूख मिटाने की आवश्यकता, ग्लानि से ज़्यादा शक्तिशाली थी।

जब उसकी भूख मिट गई तब उसे एहसास हुआ कि कुत्ता उस बच्ची का था, जिसने उसे मुक्त कराया था। उस नन्ही-मुन्नी बालों वाली गठरी में जीवन की छोटी सी चिंगारी महसूस करते ही, उसने सबसे घृणित काम किया था। अपनी खुद की कलाई को काट कर केन ने ज़बरदस्ती कुछ बूंदें उसकी गुलाबी जीभ पर टपकाईं, फिर यह सोचते हुए कुत्ते को ज़मीन पर लिटाया कि वह आखिर कर क्या रहा है। यह कभी कारगर नहीं होगा, है ना ?

उसने उसे दो बार बचाया था, और वह इसे जानती भी नहीं थी। उसकी डरी हुई आवाज़ की यादों में अब भी वह शक्ति थी कि उसे गहरी से गहरी नींद से जगा दे। वह उसे फिर से देखने की इच्छा रखता था.....बस एक झलक, उस आवाज़ की, जिसने उसे डरा दिया था।

उसने अपनी जेब में हाथ डाल कर एक छोटा सा पट्टा निकाला और उस पर लगे हड्डी के आकार के टैग को देखा। उसे परिवार का नाम पता था, लेकिन उस पर लिखा हुआ पता अब वैध नहीं था.....पिछले कई वर्षों से नहीं था। जब अंततः उसने सीख लिया कि एक कम्प्यूटर कैसे काम करता है, उसने खोज की लेकिन लड़की के माता-पिता मर चुके थे और घर बिक चुका था। बेटी, जिसके बारे में उसे यकीन था कि उसने ही उसे आज़ाद किया था, कोई निशान छोड़े बिना ग़ायब हो चुकी थी।

केन ने झुँझला कर अपनी सिगरेट को अपने बाएँ पैर से ठोकर मार कर उछाल दिया। लॉस एंजलिस लौटने के बाद वह फौरन उस क्लब में लौटा था जिस में मलाची किसी समय रहा करता था और उसे चलाया करता था, और उसे पता चला था कि वह बिक चुका था और उसके बच्चे एक नए पते पर रहने चले गए थे। नई जगह किसी समय और कुछ नहीं, बस एक टूटा-फूटा गोदाम हुआ करता था, लेकिन जैगुआरों ने हाल ही में इसकी पुनर्रचना की थी, और इसे नए जमाने के एक नाइट क्लब में बदल दिया था। अब इसे मलाची के बच्चे चलाते थे।

उसने यह सोचते हुए अपना सर हिलाया कि मलाची दोबारा शादी कैसे कर सकता था, क्योंकि वह जानता था कि वह अपनी पहली बीवी को कितना प्यार करता था। वह उसकी आत्मा की साथी थी, और हालांकि इच्छाधारियों को उनकी यौन भूख के लिए जाना जाता था, लेकिन एक बार अपने जीवनसाथी से मिलने के बाद दूसरे किसी से प्यार करना लगभग असंभव था।

जब केन ने इस पर शोध किया तो उसे पता चला कि मलाची की नई बीवी ने उसके चार बच्चों को जन्म दिया था और उसके सबसे छोटे बच्चे निक को जन्म देते समय मर गई थी।

मलाची उसी रात मर गया था, जब उसने ज़मीन के अंदर से उसकी दहाड़ सुनी थी, लेकिन केन को अब भी बदला लेने की इच्छा अंदर से कुरेदती रहती थी। लगभग सारे ही पिशाच अंधेरे से पैदा होते हैं और शायद सिन ग़लत था कि वह बुराई में अपने भाई-बहनों से अलग है । बस तीस सालों के यातनापूर्ण सालों में अपना दिमागी संतुलन खो देने के कारण उसे पर्याप्त नुकसान हुआ था, और अब वह उन लोगों से अलग नहीं था। उसका दिमाग़ भी अब उसी अंधेरे में था, जहां मलाची ने उसे छोड़ दिया था।

जहां तक केन का सोचना था, वह जैगुआर थे, जिन्होंने पहले खून-खराबा शुरू किया था। अब वह उन्हें उनका ईनाम देने के लिए वापस आया था.....मलाची के बच्चों से शुरुआत करके, लानती इच्छाधारियों की पूरी नस्ल को। ओह, वह यहीं नहीं रुकेगा। उसके बाद उस इच्छाधारी के बच्चों की बारी आएगी, जिसने उसे निशाना बनाया था.....नथानियल वाइल्डर।

उसके लिए रक्त उपलब्ध कराने वाले अनुयायी बनाना मुश्किल नहीं था। केन अभी भी भीतरी शहर के पूरे भूमिगत जंगली दृश्य पर चकित था। उनमें से कई वह होने का केवल सपना देखते थे, जो वह था...... एक जंगली इच्छुक के बजाय, एक सच्चा पिशाच।

उसे बस इतना करना था कि वह एक को बदल देता, और फिर उसकी वशीभूत आत्मा को अपने उपकरणों पर छोड़ देता। उसने सब से खतरनाक समूह का चुनाव किया। रेवेन, एक धूर्त, जो इंसानी रूप में लगभग

मनोविकृत था.....एक जंगली निर्वासित, जो खून का प्यासा था, काफी पहले से, जब उसे इसकी आवश्यकता भी नहीं थी।

रेवेन अकेला व्यक्ति था, जिसे केन ने इच्छाधारियों के छल और उसे निशाना बनाने और फिर ज़िंदा दफ्न कर देने के बारे में बताया था। वह नहीं जानता था कि उसने रेवेन को यह सब क्यों बताया..... शायद ऊब के कारण।

केन ने दुष्टों को शहर में खुला छोड़ दिया। रात के बच्चे का पुनर्जन्म पाने से पहले रेवेन दुनिया से नाराज़ था, और अब केन ने उसके गुस्से को बाहर निकलने का एक रास्ता दे दिया था। रेवेन ने केन के नाम पर बदला लेने की ज़िम्मेदारी खुद पर ले ली थी और आत्माहीन पिशाच उसकी नई योग्यताओं का इस्तेमाल पूरी क्षमता से करने लगे।

उसने रेवेन से बात करने की कोई कोशिश नहीं की, क्योंकि यह मलाची के परिवार को तबाह करने की उसकी योजना पर पूरी तरह खरा उतरता था। वह इच्छाधारियों को रेवेन से क्यों बचाता ? ज़्यादा से ज़्यादा जो वह कर सकता था, कि वह भूख मिटाने के लिए इन्सानों को न मारे, कि यदि वह न चाहता तो वह किसी को कोई नुकसान न पहुंचाता। यह उसकी ग़लती नहीं थी कि रेवेन ने इसके बजाय मौत की सज़ा देने का विकल्प चुना था।

केन ने सिर्फ एक ही बार इसमें हिस्सा लिया था, जब रेवेन ने पहली बार किसी को मारा था। लड़के के मुर्दा जिस्म को पिशाचों के निशानों के साथ छोडने से पहले, जो इन्सानों को आसानी से नज़र आ सकते थे, उसने उसे पकड़ लिया । अपनी प्रजाति को गुप्त रखना उसकी आत्मरक्षा का एक गहरा राज़ था और वह इस राज़ को रेवेन को बताना भूल गया था। फिर केन ने उसे दिखाया कि दांतों के निशानों को काट कर साधारण परपीडक हत्या की तरह कैसे दिखाया जाए।

रेवेन अपने शिकारों को मार कर मून डांस के नजदीक इस तरह रखता था कि वह अधिकारियों को मिल जाए। यह बेहतरीन इंतजाम था। अधिकतर पिशाच जन्मजात बुरे थे, तो केन ने अपनी मृत ज़िंदगी का ज़्यादातर हिस्सा कातिलों के बीच बिताया था। इस लड़के को मारते देखना उसकी जाति के लिए स्वाभाविक था।

अगर मौत का यह जश्न देखने के लिए सिन जाग जाता, तो वह रेवेन को मार कर या उसे क़ब्र में बंद कर के दुनिया को इस दुर्भाग्य से छुटकारा दिला देता। अब जबकि केन ने ऐसी सज़ा का अनुभव ले लिया था, तो वह एक त्वरित मौत का विकल्प चुनता।

अपनी बंदिश से पहले उसकी एक और पिशाच....माइकल से भी दोस्ती थी। वह इतने लंबे समय तक साथ रहे थे कि उनमें से शायद ही कोई याद कर सकता था या करना चाहता था। उस दोनों को खूनी पत्थर उपहार में मिला था, क्योंकि उन्होंने अपनी आत्मा को ज़िंदा रखा था.....वे और माइकल का भाई डेमन।

माइकल एक अच्छा आदमी था..... अभी भी फरिश्तों की तरफ था, जैसा कि वे कहते थे, हालांकि उसने एक उडती उडती सी खबर सुनी थी कि डेमन ने एक अंधेरा पक्ष विकसित कर लिया था और अपने भाई से लड़ रहा था। शायद यहाँ का काम हो जाने के बाद वह डेमन से मुलाक़ात करता और उसे कुछ शिष्टाचार सिखाता। केन ने भाइयों के बीच अचानक विकसित हुई प्रतिद्वंदिता के बारे में सोचा, क्योंकि माइकल अपने भाई से प्यार करता था.....लेकिन चीज़ें हमेशा बदलती रहती हैं।

केन नहीं चाहता था कि माइकल उस बुराई से परिचित हो जाए, जो क़ब्र ने उसके अंदर पैदा कर दी थी। उसने पिछले कुछ हफ्तों से अपना कुछ समय माइकल पर दूर से नज़र रखने में बिताया था। वह जानता था कि माइकल और जैगुआर का सबसे बडा बेटा, वारेन, अब दोस्त थे..... वैसे ही, जैसे कभी वह और मलाची थे।

इच्छाधारी विश्वासघाती थे और माइकल को यह छोटी सी सच्चाई पता चलनी अभी बाक़ी थी। इच्छाधारियों को रास्ते से हटा कर वह माइकल पर आखिरी उपकार कर रहा था.....पुराने वक़्त की खातिर।

यह जानते हुए कि इसने हमेशा उसे इन्सानों को मारने से रोका था, केन ने अपनी बाली को छूने के लिए हाथ उठाया जिसमें खूनी पत्थर जड़ा हुआ था। यदि उसकी आत्मा वाकई बुरी होती, तो खूनी पत्थर का जादू उस पर काम न करता। वह अक्सर सोचता था कि मलाची ने इस सामान्य से तथ्य को नज़रअंदाज़ कैसे कर दिया था..... उस की मासूमियत का सबूत उसकी आँखों के सामने था।

कोई बात नहीं.... उसने तीस साल एक ऐसे अपराध के लिए क़ैद में बिताए थे, जो उसने किया ही नहीं था। "इसके बदले में तुम नर्क भोगोगे मेरे दोस्तों।"

*****

"टेलीमार्केटर ?" चाड ने अपनी हंसी छुपाते हुए पूछा, क्योंकि उसकी छोटी बहन ने फोन इतनी ज़ोर से पटका कि वह दीवार से नीचे गिर गया। वह ज़ोर से ज़मीन पर टकराया।

एनवी ने फोन को ऐसे लात मार कर हाल में गिराया, जैसे वह उसके बॉयफ्रेंड का सर हो, फिर अपने भाई की ओर पलटी, "क्या तुम सभी कुत्ते हो, या केवल वही है, जिसे मैं डेट कर रही हूँ ?"

चाड ने अपने हाथों को नकली आत्म समर्पण में उठाया, "मेरे खयाल में, लड़कियां भी उतनी ही बुरी होती हैं। अब शांत हो जाओ और अपने बड़े भाई को बताओ कि हुआ क्या है।"

एनवी ने अपना माथा ठंडी दीवार पर टिका दिया। उसने अपने आंसुओं को बहने से सख्ती से रोका। वह ट्रेवर को इतना पसंद नहीं करती थी कि उस पर अपने आँसू बर्बाद करे और वह वाकई मर्दों से तंग आ चुकी थी, जिनमें कोई न कोई कमी होती ही थी। "जेसन ने बस मुझे अपने साथ बाहर चलने के लिए पूछा था। वह सोचता है कि मैं फिर से अकेली रह गई हूँ, क्योंकि उसने ट्रेवर को एक नए डांस क्लब में देखा। वह वहाँ डांस फ्लोर पर एक अन्य लड़की को नचा रहा था।"

चाड ने अपना सर हिलाया। अगर एक बार वह उसकी बहन के हाथ लग गया, तो उसे उस पर बिलकुल भी दया नहीं आएगी। "तो फिर क्यों न हम भी क्लब में चल कर मजे करें ?" उसने एक भौंह उठाई, वह दुनिया भर के लिए इससे हाथ नहीं धोना चाहता था।

एनवी मुस्कुराई, इसे खयाल पसंद आया, "मुझे तैयार होने के लिए दस मिनट का वक्त दो।"

चाड ने स्वीकृति में सर हिलाया और सोफे के किनारे पर बैठ गया और समाचार देखने के लिए रिमोट का बटन दबाया, हालांकि वह उस पर ध्यान नहीं दे रहा था। वह चाहता ही नहीं था कि वह ट्रेवर को डेट करे। वह जानता था कि लड़का अपना प्रभाव छोड़ने के लिए सभी अमीर, कॉलेज के लिए तैयार अमरीकियों की तरह बर्ताव करता था, लेकिन इसके मतलब यह नहीं थे कि वह उसका एनवी से झूठ बोलना पसंद करता था, जो वह वास्तव में कर रहा था। अगर ट्रेवर उसके साथ सोने जा रहा था, तो कम से कम उसे यह जानने का हक था कि वह किसे नचा रहा था।

किसी रिश्ते की शुरुआत झूठ से करना कोई बहुत अच्छा तरीका नहीं था। यदि आप झूठ बोलते हैं तो आपको प्रथम स्थान पर शामिल नहीं होना चाहिए। जब उसने पिछली बार ट्रेवर को स्टेशन पर देखा था तो उसने उसे घेर लिया था और उस गुप्तचर एजेंट से कह दिया था कि या तो वह एनवी को सच बता दे कि वह क्या कर रहा था, या फिर उससे दूर ही रहे। यह उसकी गलती नहीं थी कि ट्रेवर अपने सिवा किसी और की नहीं सुनता था।

यह सोच कर उसे गुस्सा आ गया कि ट्रेवर बार में अपने गुप्त कामों को अंजाम देने के लिए एनवी का इस्तेमाल कर रहा था। वह ढेर सारे क्लबों में उसके बारटेंडर थी और इससे ट्रेवर को क्लबों के खुलने से ले कर बंद होने तक इमारतों में उसका पीछा करने का एक कारण मिल जाता था। भीड़ के बिना वहाँ मौजूद होने से उसे काफी ज्यादा ताक-झांक का मौका मिल जाता था और एनवी इतनी बुद्धिमान तो थी नहीं।

चाड ने अंडरकवर जाने से इंकार कर दिया था, हालांकि विशेष बल का दल काफी समय से उसे इसमें घसीटने का भरसक प्रयास कर रहा था। अब तक वह जहां तक आ पाया था वह यह था कि जब भी किसी दरवाजे पर ठोकर मारनी होती, और लोगों को नीचे लाने का समय होता, तो वे उसे ही बुलाने लगे थे। और इसमें उसे कोई समस्या नहीं थी। वह किसी पर भी पड़े दाग का पता लगाने के लिए लोगों से बातें करने और कागज़ों को उलटने पलटने के बजाय किसी भी बुरे व्यक्ति के पिछवाड़े पर लात मारना ज्यादा पसंद करता था।

अब दूसरी तरफ उसका दोस्त जेसन, एनवी के लिए ज्यादा अच्छा बॉयफ्रेंड साबित हो सकता था। वह जेसन के साथ स्कूल गई थी, लेकिन इसमें एक समस्या थी। पूरे हाई स्कूल के दौरान जेसन उस पर फिदा रहा था और घर के इतने चक्कर लगाता रहा था कि एनवी उसे भाई मानने लगी थी....दोस्त नहीं।

स्कूल से बाहर आते ही जेसन सीधे एंजलिस राष्ट्रीय वन संरक्षकों में शामिल हो गया था और तब से उसी नौकरी में था। एनवी अब भी जेसन के साथ समय बिताना पसंद करती थी। जबसे उसकी सबसे अच्छी दोस्त टबाथा वन संरक्षकों की जेसन वाली इकाई का हिस्सा बनी थी, वह कई बार उससे मिलने भी जाती रहती थी।

चाड सोफे पर से उठा और एनवी के शयनकक्ष के सामने पहुंचा। वे पिछले चार सालों से जब से उनके माता-पिता एक कार दुर्घटना में मारे गए थे और वे इससे आश्चर्यजनक तौर पर बच गए थे, एक ही फ्लैट में रह रहे थे। वह पुलिस अधिकारी था और वह शहर के कई क्लबों में बुलाये जाने पर बारटेंडिंग करती थी।

एकमात्र कारण, जिसकी वजह से वह उसे कोई वास्तविक नौकरी ढूँढने के लिए नहीं कहता था, यह था कि अधिकांश रातों में वह उससे भी अधिक पैसा कमा लेती थी। इससे चीजें काफी बेहतर हो जाती थीं, क्योंकि जब किराया बकाया हो जाता था, तो आम तौर पर एनवी ही इसे चुकता करती थी, जबकि वह बाकी सारे खर्च उठा लेता था।

"कौन सा क्लब ?" उसने दरवाजे के बाहर से पूछा।

"नया वाला, जो मून डांस कहलाता है," एनवी ने अपने लंबे स्ट्राबेरी बालों को ऊपर उठा कर पोनीटेल में बांध लिया, और बाकी को लंबी परतों में अपनी पीठ पर झूलने दिया। "अगर हम वहाँ जाएँ तो मैं बारटेंडर के रूप में अप्लाई भी कर सकती हूँ।"

चाड ने भौंहें सिकोड़ीं। "वह वाला जो शहर के छोर की ओर है, ठीक ?" वह उसके जवाब का इंतज़ार किए बिना अपने कमरे में लौट आया। हाल ही में शहर के उस सिरे पर चीज़ें थोड़ी खतरनाक हो गई थीं। सबसे बड़ा खतरा लोगों के गुम हो जाने का था और उस क्लब के आसपास के इलाके में कुछ लाशें भी पाई गई थीं।

अब तक ऐसा कुछ नहीं मिला था जो इसे सीधा मून डांस से जोड़ता, सिवा इसके कि चुने गए सारे शिकार उस क्लब में जाने वाले लोग थे। यह समय की अवधि थी, जो चाड और कई अन्य लोगों को संदेहास्पद लग रही थी। सवाल यह था कि क्या उस बार में किसी सीरियल किलर का अड्डा है ? कई शिकार आखिरी बार क्लब में देखे गए थे। एक पुलिस अधिकारी होने के नाते वह इस संभावना को नज़र अंदाज़ नहीं कर सकता था कि इनमें कोई संबंध था।

क्यों कि उसकी बंदूक और बैज कार में ही था, चाड ने छोटा सा टेसर लिया और उसे अपनी पैंट की कमरपेटी की पिछली तरफ खिसका लिया। वहाँ जो भी बुरी बातें चल रही थीं, वह चाहता था कि यदि उसके क्लब में रहते हुए कुछ भी गलत हो जाए तो एनवी को यह मिल जाए।

अपने कमरे से वापस आते हुए उसने हाल की ओर नज़र डाली और जब उसने अपनी बहन को देखा तो वहीं का वहीं खड़ा रह गया। एक काले चमड़े की स्कर्ट ने उसकी टांगों को ढका हुआ था, जिसमें लगी लेस से उसकी जांघों के नीचे का मध्य भाग झांक रहा था, और उसके ऊपर काली लेस की बेली शर्ट थी। इसमें जहां अपेक्षित था वहाँ चमड़े के पैबंद लगे थे.....जो उसके स्तनों को छुपाने के लिए और उसके पतले पेट और नाभि को दिखाने के लिए पर्याप्त थे।

वह काले चमड़े के बूट भी पहने थी, जो बिलकुल उसके घुटनों के ऊपर तक गए थे और जिन पर टखनों के पास सजावटी ज़ंजीरें लगी हुई थीं। एक हार, जिसमें जमुनिया पत्थर लगा था और जो उनकी माँ ने उसे सालों पहले दिया था, वह उसके गले में सज रहा था। उसके लाल बालों में से अधिकतर ऊंची पोनीटेल में बंधे हुए थे और कुछ उसके एक कंधे पर पड़े हुए थे।

उसके सुरुचिपूर्ण ढंग से किए हुए मेकअप में थोड़ा काला आई लाइनर और शैडो और गहरे रंग की लिपिस्टिक शामिल थी। वह एक डोमिनिट्रिक्स के जैसी लग रही थी।

"अरे, हम किसी का खून करने जा रहे हैं ?" चाड ने एक भौं उठाई और उस पर एक उड़ती सी नज़र डाली। सुरक्षा कारणों से उसने बाहर जाने का कार्यक्रम रद्द करने और उसे उसके कमरे में वापस भेजने का मन बना लिया था।

"खैर, मैं ने फैसला कर लिया है," एनवी ने नरमी से अपनी भौंह उठाई, "जब मैं ट्रेवर का इंतजाम कर लूँगी, फिर मैं मज़े करूंगी ! आज के बाद से मैं केवल एक आदमी को डेट नहीं करूंगी। मुझे एक बॉयफ्रेंड नहीं चाहिए.....बहुत सारे चाहिए ! इस तरह अगर एक मुझे झटका देगा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि मेरे पास और भी होंगे जो खुशी-खुशी उसके पिछवाड़े पर लात मारेंगे।"

"हाँ, मुझे याद है कि हाईस्कूल में यह कितनी अच्छी तरह चला था।" यह जान कर चाड ने अपना सर हिलाया, कि उसकी बहन जितना दिखा रही थी उससे कहीं अधिक मासूम थी। "चलो, मैं अपनी कार ले लेता हूँ, शायद स्टेशन से बुलावा आ जाए।"

"केवल तब, जब मैं नीली रौशनियों से खेलूँगी," यह जान कर कि वह उसे जाने देगा, एनवी मुस्कुराई।

चाड ने गहरी सांस ली और कार की ओर बढ़ा। "कसम से, तुम एक बच्चे से भी बढ़ कर हो, जो खिलौने की दुकान में आवाज़ करने वाले हर खिलौने को दबाता है और हर किसी को पागल कर देता है।"

"क्या ?" वह हंसी। "मुझे नीली रौशनियाँ पसंद हैं। जब मैं उन्हें जला देती हूँ तो लोग हमारे रास्ते से हट जाते हैं।"

"वैसे ही, जैसे तुम ने उस समय किया था जब हमारे पास कॉफी खत्म हो गई थी ?" उसने पूछा। "तुम्हें पता है, यह करदाताओं के पैसों की बरबादी है, है ना ?"

"अगर तुम बकवास बंद नहीं करोगे तो मैं गाड़ी चलाऊँगी। फिर तुम लाल बत्तियों और सायरनों से निपटते रहना।" उसने मज़ाक में आँख मारते हुए चेतावनी दी।

चाड तुरंत चुप हो गया क्योंकि पिछली बार ऐसा हुआ था, उसे काम के लिए देर हो गई थी और वह इतना बीमार था, कि ड्राइव नहीं कर सकता था, इसलिए वह यात्री सीट पर सो रहा था। चीफ ने फिर भी उसे इस पर दुख दिया था।

*****

एनवी ने नीली रौशनियों को नाइट क्लब से एक ब्लॉक पहले ही बंद कर दिया और ऊपर की स्पॉट लाइटों को देखा, जो बादलों भरे आकाश के आर-पार नृत्य कर रही थीं। जब तक दोमंज़िला इमारत नज़र नहीं आ गई, वह देखती रही।

हाल ही में वह इतनी व्यस्त रही थी कि उसे मून डांस की जांच करने का समय ही नहीं मिला था, लेकिन उसके कुछ ग्राहकों ने उसे इसके बारे में बताया था। बाहर से तो यह कोई बहुत सुंदर नहीं था। यह ईंटों के एक गोदाम की तरह दिखता था। जिसमें बहुत कम खिड़कियाँ थीं और सामने की दीवार में ऊंचाई पर बैंगनी रंग का एक विशाल नियोन साइन लगा था।

लोग अपने सबसे अच्छे कपड़े पहने हुए विशाल पार्किंग स्थल के आधे रास्ते तक पंक्तिबद्ध खड़े थे और एक दूसरे के साथ ज़िंदादिली से बात कर रहे थे। तथ्य यह था कि रात दस बजे के बाद भी यहाँ लाइन लगी थी, जिस से उसे लगा था कि यहां काम करना शायद बहुत ही आकर्षक होगा।

"हाँ मैं निश्चित तौर पर यहाँ प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करूंगी।" वह संभावना पर मुस्कुराई।

"कम से कम पंक्ति करीब-करीब जा चुकी है।" चाड ने व्यंग से कहा, वह ट्रेवर को अपनी बहन के हाथों पिटते हुए देखने के लिए प्रतीक्षा नहीं कर पा रहा था।

उसने कार को पार्किंग लॉट में सबसे अंधेरे छोर पर ट्रेवर की कार के बिलकुल बगल में खड़ा किया। एनवी के कार का दरवाजा खोलने के पहले, चाड बाहर निकाल आया और उसकी बांह पकड़ ली। "यह लो।" फिर उसने बिना इसके बारे में कुछ कहे उसके हाथ में वह छोटा सा टेसर दे दिया, उसने अपना दरवाजा खोला और बाहर आ गई।

एनवी ने अपनी उंगली उपकरण के चारों ओर लपेटी और मुस्कुराई। उसके भाई ने उसे इस हद तक आत्मरक्षा सिखा दी थी कि वह बिना पसीना बहाये, उसके साथ काम करने वाले संभवत: हर पुलिस वाले को पटखनी दे सकती थी। लेकिन चाड हमेशा कहा करता था, "जब केवल एक बटन दबाने से काम हो जाए तो लड़ाई क्यों करें?"

उसने टेसर को अपने परिचयपत्र के साथ अपने स्कर्ट के बगल में बनी छोटी सी जेब में खिसका दिया। वह ट्रेवर का बटन ठीक से दबाएगी। अभी वह उसे देखने जाने के लिए लिफ्ट का बटन दबाने वाली थी। कोई भी ऐसा नहीं था जिसने एनवी सेक्सटन को धोखा दिया हो, और इससे बच गया हो।

वे साथ-साथ पंक्ति की ओर चले और जब पंक्ति तेज़ी से आगे बढ़ने लगी कि उन्हें अंदर पहुँचने में बस कुछ ही मिनिट लगे, तो एनवी विशेष तौर पर खुश हुई।

दरबान ने अरमानी की बेहतरीन पैंट और उससे मैचिंग सूट की जैकेट पहनी हुई थी। इसके नीचे पहनी हुई कमीज़ उसके आकार में फिट हो रही थी और उसके खूबसूरत सीने का प्रदर्शन कर रही थी। उसके भूरे बाल लहराते हुए उसके चेहरे के एक ओर गिर रहे थे। उसके चेहरे पर हल्की ठूंठदार दाढ़ी थी और उसकी चुभती हुई गहरी आँखें नियोन रौशनी में लगभग प्रकाशित हो रही थीं।

चाड ने भुगतान किया, अपने परिचयपत्र दिखाए और आदमी ने उनके हाथों पर मोहर लगाई और लाल मखमल की रस्सी को खोल कर उन्हें अंदर जाने का रास्ता दिया। उन्होंने मुख्य द्वार से अंदर प्रवेश किया और एक दूसरे दरवाजे से होते हुए एक छोटे हाल में आ गए जो उनके पहुँचने पर स्लाइड हो कर खुल गया। जब मुख्य कक्ष में पहुंच कर चारों ओर देखा तो वे दोनों वहीं रुक गए। यहाँ बहुत कुछ ऐसा था, जैसे वे किसी और आयाम में पहुँच गए हों।

पार्किंग जैसी भरी हुई थी, किसी को भी लगता कि अंदर लोग खचाखच भरे हुए होंगे, लेकिन ऐसा नहीं था। एनवी फर्श के पार गई और जब वह कमरे के बीचों-बीच कटे हुए बड़े छेद की ओर गई तो उसके होंठ खुल गए।

रेलिंग के नजदीक जा कर उसने नीचे डांस फ्लोर पर नज़र डाली। उनके एक तरफ एक रास्ता था, जो मुख्य सतह तक फैला हुआ था और इसकी पूरी लंबाई में एक लंबा सा बार था। बार काउंटर अपने आप में रेत से भरे काँच की तरह दिखता था और इसमें पूरे में नियोन रौशनियाँ लगी हुई थीं।

उसके दायीं और बाईं ओर से दो सीढ़ियाँ नीचे की ओर गई थीं, जो नीचे वास्तविक डांस फ्लोर तक जाने से पहले, बीच में मिल गई थीं। डांस फ्लोर हल्की रौशनियों से बस इस हद तक प्रकाशित था, कि उनके पाँव एक प्रकार की काली रौशनी पर पड़ते थे। सर के ऊपर लगी झिलमिलाती रौशनियों और रंगीन स्पॉटलाइट के साथ यह सब मिल कर एक दोज़ख की रचना कर रहे थे, जो डांस करने वालों पर सीधे पड़ने की बजाय और हर जगह पड़ रही थीं।

जिस तरह से यह सब बनाया गया था, आप नृत्य करने वालों को घुटनों तक देख सकते थे, लेकिन इसके अलावा, उनका पूरा शरीर अंधेरे में था।

यह देखने के लिए एनवी रेलिंग के ऊपर झुक गई, कि क्या वहाँ निचली मंजिल पर कुछ और बार भी हैं, लेकिन वहाँ डांस फ्लोर के अलावा और कुछ नहीं था। इसने उसे किसी गड्ढे की याद दिलाई। एक बार जब आप उन सीढ़ियों से नीचे उतर जाएँ, तो आप उस अंधेरे की दया पर होंगे, जिसने नाचने वालों को छाया के एकांत में छुपा रखा था।

"इसमें तीन मंजिलें हैं ?" उसने उनके ऊपर बनी ठोस छत की ओर देखते हुए पूछा। तहखाने को मिला कर वह तीसरी मंजिल होगी, और उसने सोचा कि क्या यह भी क्लब की सीमाओं में शामिल है, या यह इसकी हदों से बाहर है।

चीयर्स और सीटियों ने उसका ध्यान वापस डांस फ्लोर की ओर खींचा। जब बर्फ से नीले रंग की रौशनी गड्ढे के बीचों-बीच स्थित एक पिंजरे पर पड़ी तो उसे अपनी आँखों पर विश्वास नहीं हुआ। वह सलाखों के पीछे मौजूद व्यक्ति के ऊपर तुरंत मंत्रमुग्ध हो गई।

चाड की नजर भी पिंजरे पर रुक गई। यह किसी जेल की छोटी कोठरी के जैसा दिखता था। इसके अंदर एक आदमी और एक औरत थे, और वे एक दूसरे के सामने दायरे में घूम रहे थे। इस दूरी से भी वह उनकी चेष्टाओं की गर्मी को महसूस कर सकता था। जब पिंजरे में बंद आदमी ने अपनी डांस पार्टनर को सलाखों की ओर धक्का दिया, ताकि वह उसकी बांह के नीचे दब जाए, और उसने उसे वहीं अटकाए रखने की कोशिश की, तो रेलिंग को कस कर पकड़ने के कारण उसके पोर सफेद पड़ गए।

चारों ओर घूमते हुए आदमी ने उसकी कलाई पकड़ ली और उसके हाथों को उसके सामने सलाखों पर टिकाते हुए, उसे अपने पास खींच लिया। वह उसके लगभग नग्न शरीर को अपने साथ रगड़ने लगा, उसने उसे बाहों से पकड़ लिया, और उसका सर पीछे की ओर उसके सीने पर झुक गया, जैसे उसे इसमें बड़ा मजा आ रहा था।

यह प्रकृति में पाशविक लग रहा था, एक प्रकार के आदिम मैथुन नृत्य के जैसा। चाड और एनवी ने खुद को प्रदर्शन से आकर्षित पाया, प्रदर्शन दोनों को अलग-अलग ढंग से प्रभावित कर रहा था।

चाड ने उन्हें कुछ और मिनटों तक खामोशी से देखा, जब मुख्य युगल झटके से अलग हो गया, ताकि आदमी उसे दूसरी स्थिति में पकड़ सके। जब मर्द के कूल्हे ने ऊपर की ओर लड़की के नितंब की ओर झटका खाया तो उनकी क्रियाओं की गर्मी ने उसकी जींस को कस दिया। झुंझलाहट में अपनी नजर दूसरी ओर घुमाते हुए चाड ने जबरन अपना ध्यान ऊपर की दीवारों की सजावट की ओर खींचा, जिसे वह अपने कोण से देख सकता था।

वे अधिकांशतः झिलमिलाती हुई रौशनियों के साथ स्थिर काली रौशनियाँ थीं, जो एक विशाल पोर्ट्रेट के जैसे चित्रों के पास लगी थीं, जिसमें जैगुआरों के आकर्षक शरीर दिखाए गए थे, जिसमें से कुछ छलांग लगा रहे थे और कुछ शिकार करते हुए अकेले शिकारी थे। खतरनाक जानवर अपनी खुद की जिंदगी जीते प्रतीत हो रहे थे। स्थिर चित्र रौशनियों के प्रभाव में हिलते हुए दिखते थे, जिससे यह आभास हो रहा था, जैसे वे जीवित हैं और सब कुछ देख रहे हैं।

उसे मानना पड़ा कि थीम अनोखी थी और कारगर थी। उसकी आँखों ने दीवारों पर पड़ती रौशनियों का पीछा किया और उसने गौर किया कि चित्रों के बीच में जंजीरें लटक रही थीं, जिनमें कुछ के साथ काँटेदार पट्टे लगे थे, और कुछ चमड़े के कोड़े थे।

उसने दोबारा पिंजरे की ओर देखा, और जेसन को देखने ही वाला था कि उसे डांस फ्लोर पर एक स्पॉट लाइट के पास ट्रेवर दिख गया। वह बेवकूफ दो लड़कियों के बीच सैंडविच बना हुआ था और लग रहा था कि वह अपनी जिंदगी के मजे ले रहा था। जब चाड ने एनवी पर नजर डाली तो यह देख कर कि वह सीधे उस तिकड़ी को घूर रही थी, वह समझ गया कि उसे एक शब्द भी कहने की जरूरत नहीं थी।

एनवी ने ट्रेवर को पढ़ने के लिए अपना सर किनारे की ओर उठा लिया, जैसे वह उसे जानती ही नहीं थी। इसने उसे यह सोचने पर मजबूर किया कि उसने आखिर उसके साथ डेट करना शुरू ही क्यों किया था।

उसे स्वीकार करना पड़ा कि वह आँखों के वास्ते एक ईनाम था। बेहद आकर्षक सही शब्द होगा। वह अपने लहराते हुए हल्के सुनहरे बालों, सुनहरे रंग और स्लेटी नीली आँखों के साथ एक बिगड़ैल छैला दिखता था। वह पूरी तरह से चाहे जाने के काबिल और खुशमिजाज था।

लेकिन अगर उसके आकर्षक व्यक्तित्व को छोड़ दें, तो उसमें ऐसा और कुछ नहीं था, जो किसी लड़की को आकर्षित कर सके। केवल एक और अच्छी बात जो वह उसके बारे में कह सकती थी वह यह थी कि वह बिस्तर में बहुत गर्म था, और उसने उसे अपने जीवन के कुछ बेहतरीन पल दिए थे।

यह सोच कर कि वह सच में मानती थी कि वह उसे चाहती है....चाहने से भी कुछ बढ़ कर चाहती है। वह उसको साबित करना चाहती थी कि वह मर्दों को कितना जानती है। लेकिन सच तो यह था कि वह अकेले रहते रहते तंग आ गई थी...... लेकिन फिर, किसी और व्यक्ति के साथ डेटिंग शुरू करने का कोई कारण नहीं था।

जब उसने उसे उस लड़की के नितंबों पर हाथ फेरते देखा, जो उससे चिपकी जा रही थी, तो यह एहसास कर के उसने एक लंबी सांस छोड़ी कि उसे ज़रा भी ईर्ष्या महसूस नहीं हो रही थी। यदि वह उससे सच में प्यार करती होती तो क्या वह ज़रा सी चोट लगने की बजाय उससे बुरी तरह नाराज़ न हो जाती ? जिस चीज़ ने उसे सब से ज़्यादा परेशान किया वह यह थी कि उसने उससे झूठ बोला था, कि वह सिर्फ उसे चाहता था।

जेसन दरवाजे के पास ही पड़े अपने स्टूल पर बैठा एनवी के क्लब में आने का इंतज़ार कर रहा था। वह जानता था कि वह आएगी और चाड को उसके साथ देख कर उसे कोई आश्चर्य नहीं हुआ। कुछ मिनिट उनको चारों ओर नज़र डालने के बाद उसने एनवी के कंधों पर तनाव का बोझ देखा और जब वह समझ गया कि उसने डांस फ्लोर के बाहर से ही अपने बॉयफ्रेंड को देख लिया है तो वह संतुष्टि के भाव से हँस पड़ा।

पिछले कुछ महीनों में उसने अपनी जलन को छुपाने की बहुत कोशिश की थी और वह उसे चोट नहीं पहुंचाना चाहता था, लेकिन अगर उसे ट्रेवर के चंगुल से निकालने के लिए यही करना पड़ा था तो यह उसी की भलाई के लिए था।

कैट की ओर मुड़ते हुए, खूबसूरत बारटेंडर, जिससे वह बातें कर रहा था, जेसन मुस्कुराया, "मैं ने कहा था न, वे आएंगे।" उसने एनवी और चाड की दिशा में देखते हुए स्वीकृति में सर हिलाया।

वह यहाँ एक घंटे से था, लेकिन ट्रेवर के एनवी को धोखा देने का साक्षी बनने के बाद उसका भीड़ में शामिल होने का मन नहीं था। वह ऊबने लगा और वक्त गुजारने के लिए कैट से बातें करने लगा। उसने उसे एनवी के धोखेबाज़ बॉयफ्रेंड के बारे में भी बताया था।

"तो यह तुम्हारा सबसे अच्छा दोस्त और उसकी बहन है ?" कैट ने दोनों को देखा, लेकिन उसकी ज़्यादा दिलचस्पी पुलिस वाले में थी। अगर जेसन ने उसे यह न बताया होता कि चाड एक पुलिस वाला है, तो वह कभी भी जान न पाती। वह बेहद आकर्षक था।

छह फुट लंबा कद, धूप में संवलाया बदन और भूरे बाल, जिन पर सुनहरी हाई लाइटिंग थी। उसके बाल आम पुलिस वालों से थोड़ा ज़्यादा लंबे थे और ऐसे लगते थे जैसे हवा ने उन्हें उड़ा कर एक तरफ कर दिया हो, जिससे उस के व्यक्तित्व में एक जंगली आभास आ जाता था। वह उसकी तुलना क्विन से करने लगी और फिर यह एहसास होते ही आँखें झपकाईं कि उसने फिर से ऐसा किया। उसने यह जान कर जेसन की ओर देखा कि वे दोनों पुराने ज़ख्मों को भरना चाहते थे या निरंतर जलन का खतरा मोल ले रहे थे।

"वह पुलिस वालों की तरह नहीं दिखता," कैट ने चाड पर आँखें गड़ाए और यह सोचते हुए कि क्या वह किसी को डेट कर रहा होगा, कहा। जेसन ने किसी भी संभावना के बारे में कुछ भी नहीं कहा।

"हाँ, खैर," जेसन ने जब ध्यान दिया कि वह चाड को किस नज़र से देख रही थी, तो उसने लगभग मुंह फुला लिया। उसने अपना सर हिलाया, "मैं कुछ मिनिटों में आता हूँ।"

अपना क्लब सोडा समाप्त करते हुए उसने स्टूल खिसकाया और अपने दोस्तों की ओर बढ़ चला। जब वह उनके करीब पहुँच गया तो उसने अपना हाथ एनवी के कंधे पर रख दिया। अपने होंठों को उसके कानों के पास ले जा कर वह फुसफुसाया, "क्या तुम डांस करना चाहती हो ?"

एनवी बिना मुड़े मुस्कुराई। "ओह, हाँ, बड़ी बेकरारी से !" उसने जवाब दिया, और फिर सबसे नजदीकी सीढ़ियों से नीचे उतर गई, और जेसन को वहीं चाड के पीछे खड़े छोड़ दिया, उसका हाथ अब भी किसी काल्पनिक कंधे पर था। उसने जब चाड को हँसते देखा, तो आँखें झपकाईं।

"धत तेरे की" जेसन ने उसको उतरते देख कर आह भरी।

चाड ने तरस खाते हुए जेसन के कंधे को थपथपाया जबकि वह उसे बार में ले गया और बार काउंटर पर झुक गया, "इससे परेशान मत हो। मुझे लगता है कि एनवी का दिमाग़ इस समय एक ही बात सोच रहा है और वह बदला लेना चाहती है।"

उसने सलाखों के पीछे से लड़की पर नज़र डाली और, एक पल के लिए, भूल गया कि जेसन भी वहाँ था। वह अपने कांस्य मिश्रित तांबई रंग और काफी लंबे काले घुँघराले बालों में, जो उसके कंधों पर लहराते हुए उसके कूल्हों तक जा रहे थे, बेहद हसीन लग रही थी। उसकी आँखें इसकी विपरीत थीं, हल्की नीली, जिन के हल्के रंग के चारों ओर मोटा सा काला छल्ला था।

उसकी दृष्टि उसके भरे हुए होंठों पर अटक गई और उसने कहा, "बस एक सोडा, प्लीज़।"

"आज पियोगे नहीं ?" जेसन ने पूछा, और कोशिश की कि उत्तर देते हुए चाड को लड़की पर नज़रें गड़ाए हुए न देखे, उससे नज़र चुरा ले। ऐसा क्यों था कि सभी लड़कियां पुलिस वालों को पसंद करती थीं ?

"नहीं, मुझे आभास हो रहा है, कि अभी मुझे संयम रखना चाहिए। असल में मैं ट्रेवर को पसंद नहीं करता हूँ, तो मैं ने खेलने के लिए एनवी को अपना टेसर दे दिया है।" चाड ने काफी देर बाद लड़की से आँखें हटा कर जेसन की ओर देखा और व्यंग से मुस्कुराया। "और मैं पुलिस कार ले कर आया हूँ।" वह जानता था कि जेसन बाकी की बात समझ जाएगा।

अचानक अपने दोस्त को लड़की के साथ चुंबक की तरह चिपका छोड़ कर जेसन बार से दूर खिसका। "अरे वाह, तो फिर मैं इसे किसी तरह चूक नहीं सकता !" वह कूद कर रेलिंग के पार चला गया, पीछे से उसे चाड का ठहाका सुनाई दिया।

"तो, इन दो लोगों को आज की रात मैं ने खुश कर दिया," चाड ने कैट को आँख मारी, वह जानता था कि वह सुन रही थी, फिर उसने अपने पेय का पैसा दिया। अच्छा होता कि वह जा कर देखता कि एनवी क्या कर रही है।

जब चाड ने जा कर जेसन का साथ देने से पहले कैट को बीस का नोट दिया और चिल्लर रख लेने के लिए कहा तो उसने स्वीकृति में सर हिलाया। ये दोनों लड़के किसी लड़की की भावनाओं के लिए खतरनाक हो सकते थे। जेसन के लंबे लहराते हुए भूरे बाल थे और उसका शरीर बेवाच के किसी मॉडेल जैसा था।

उसने वहाँ से गुजरने वाली कई लड़कियों को उसका ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करते हुए पकड़ा था। जेसन ने उनमें से किसी पर भी ध्यान नहीं दिया था और अपने ख़यालों में ही खोया रहा था.... फिर उसने उसे अपने सबसे अच्छे दोस्तों के बारे में बताना शुरू किया था, चाड और वह लड़की, जिसको ले कर वे दोनों काफी सुरक्षात्मक लग रहे थे।

वह समझने में असमर्थ थी कि उसके भाई के अलावा कोई और उसको ले कर इतना सुरक्षात्मक था। उसने क्विन की छवि को अपने दिमाग़ से निकालने के लिए हल्के से पलकें झपकाईं और सामने आई हुई समस्या पर ध्यान केन्द्रित करने लगी।

वह टेसर वाली टिप्पणी थी, जिस ने क्विन पर से उसका ध्यान हटाया था। कैट ने इस नए मनोरंजन के बारे में अपने भाइयों को चेतावनी देने का फैसला किया, जो शुरू होने वाला था। वे पहले ही हाल ही में क्लब के आस-पास होती हुई हत्याओं के कारण काफी परेशानियों से जूझ रहे थे। बुराई पर ध्यान जल्दी आकर्षित होता था।

चाड एनवी को देखने के लिए रेलिंग पर थोड़ा झुका। शुक्र था कि पिंजिरे वाले नर्तक अब भी वहीं थे और उन पर पड़ने वाली स्पॉट लाइट से उसे देखना आसान हो गया था। जेसन की कमजोर सी आवाज़ सुन कर उसने जेसन की नज़र का पीछा किया और उसे पिंजिरे की हल्की स्पॉट लाइट के पास ही कई लोगों के बीच में डांस करते हुए पाया। उसने भौहें सिकोड़ीं, अपनी नज़र का दायरा सीमित किया और सोचा कि वह कर क्या रही थी।

"कम से कम वह ट्रेवर की ओर देख रही है। खैर, बुलाने के लिए शुक्रिया," उसने गंभीर आवाज़ में कहा। "मैं ऐसी किसी चीज़ के होने का इंतज़ार ही कर रहा था।"

जेसन ने कंधे उचकाए, "यह मेरे लिए नहीं था। यह उसके लिए था। वह इससे बेहतर के काबिल है।" यह जान कर कि अब वह अकेली हो जाएगी, उसने उसे देखते हुए मुस्कुराने का प्रयास किया। लेकिन सारे लड़कों को उसका ध्यान खींचते हुए देख कर उसकी हल्की सी मुस्कुराहट में उदासी घुल गई।

अध्याय 2

एनवी जैसे ही सीढ़ियों से नीचे उतरी उसने स्वयं को गर्मी से घिरते हुए महसूस किया। उसने अपनी तनी हुई मांसपेशियों को आराम देने की कोशिश की और डांस फ्लोर की ओर बढ़ गई। ट्रेवर की दिशा में कुछ कदम चलने के बाद उसने महसूस किया कि वह वासना के दलदल में थी, उँगलियाँ उसकी नग्न त्वचा पर रेंग रही थीं और अंजाने बदन उससे टकरा रहे थे।

डांस फ्लोर दूसरे क्लबों से अधिक अंधेरा था, जिनमें वह गई थी, या जिनमें उसने काम किया था और उसने पाया कि उसे यह निजिता पसंद आई थी। यहाँ कई व्यक्तिगत युगल नृत्य नहीं कर रहे थे, बल्कि यहाँ गर्म बदन आपस में घुल-मिल रहे थे। माहौल के बदलाव को महसूस करते हुए उसने अपने हाथ उठाए और अपनी उँगलियों को अंधेरे में अजनबियों पर रेंगने दिया। एड्रेनलिन का बहाव तेज़ हो गया और फिर उसको घेरे हुए भीड़ तेज़ संगीत की लय पर थिरकने लगी।

ट्रेवर का सामना करने की बात छोड़ कर उसने एक पल के लिए अपनी आँखें बंद कर लीं और सामान्य रूप से उस संगीत के साथ हिलती रही, जिसे वासना की आवाज़ के सिवा और कुछ नहीं कहा जा सकता था।

जब उसने महसूस किया कि छिछिले स्पर्श और भी निर्लज्ज होते जा रहे हैं, तो एनवी ने अपनी आँखें खोलीं और खुद को कई मर्दाना छातियों के बीच घिर पाया, जिनमें से कुछ के खुले हुए बटनों के पीछे से उनकी नंगी त्वचा दिख रही थी और कुछ चुस्त कपड़े से ढके हुए थे, जो उतने ही उत्तेजित करने वाले थे। नज़रें टकराने के डर से सर उठा कर उनके चेहरों की ओर देखने की उसकी हिम्मित नहीं हुई।

थोड़ा उतावलेपन से उसने पीछे हटना शुरू कर दिया, और वासनात्मक नृत्य में उनके अपने पीछे आने पर उसे कोई आपत्ति नहीं हुई। जब उसने अपनी पीठ पर नर्तकों के पिंजरे की ठंडी छुअन महसूस की, तो उसने ऊपर देखा, क्योंकि यह एक छोटे मंच पर रखा हुआ था। उसकी आँखें पिंजरे के अंदर वाले आदमी से टकराईं जिसने अपने साथ की लड़की को अधिकारपूर्ण मुद्रा में अपने गुटनों के नीचे दबा लिया था।

जब उन दोनों की नज़रें एक दूसरे में अटक कर रह गईं, तो बाकी का सारा कक्ष जैसे धूमिल हो गया। जिस दृष्टि से वह उसे देख रहा था, उससे एनवी को लगा कि जैसे उसी ने समर्पण कर दिया हो। उसकी आँखें बर्फीले नीले रंग की थीं, जिनकी पुतलियों के चारों ओर एक मोटा सा काला घेरा था। उसने ऐसी चौंकाने वाली चुभती हुई आँखें पहले कभी नहीं देखी थीं। वह उनमें घंटों तक झांक सकती थी और फिर भी उसका जी न भरता, और इससे वह डर गई थी।

उसके देखने के ढंग से एनवी को ऐसा लगा कि जैसे वह जानता था कि वह बिना कपड़ों के कैसी लगती थी। जिस तरह उसकी आँखें उसके बदन पर रेंग रही थीं और कुछ स्थानों पर अटक रही थीं.... इससे उसे ऐसा लगा जैसे कि उसके हाथ उन विशिष्ट स्थानों को छू रहे हैं। उसका मन हुआ कि वह अपने को पिंजरे की सलाखों में फेंक दे और उससे विनिती करे कि वह उसके साथ सख्ती बरते और यह इच्छा उसे डराने के लिए काफी थी।

सम्मोहित कर लेने वाली दृष्टि से एक झटके में नज़र हटा कर एनवी ने खुद को याद दिलाने की कोशिश की कि वह जब चाहे, डांस फ्लोर से जा सकती है।

ट्रेवर को मज़ा नहीं आ रहा था, हालांकि उसने नृत्य के बहाव के साथ बहने और जितना संभव था उतना घुल-मिल जाने की कोशिश की थी, लेकिन सुंदर लड़कियां और डांस उसके यहाँ होने के वास्तविक कारण नहीं थे। उसने पिंजरे वाले आदमी पर अपनी नज़रें जमा रखी थीं, क्योंकि वही उसका असल निशाना था।

उस आदमी का नाम डेवन सैंटोस था, और केली फॉस्टर के साथ देखा गया आखिरी शख्स वही था ; वही 20 वर्षीय लड़की, जो पिछिले हफ्ते पास की गली में मिली थी। अपने जीवित होने की अंतिम रात वह डेवन के साथ इसी पिंजरे में थी।

अब तक उसे पता चला था कि हत्या की शिकार ने अभी-अभी निचली गली के नाइट लाइट नामक क्लब से काम छोड़ा था। उसने केवल एक रात के लिए मून डांस में काम किया था....उसी रात, जिसमें उसकी मृत्यु हुई थी। वह केवल उसी की मौत की छान-बीन नहीं कर रहा था, बल्कि यह एक सुराग था। जिसने भी उसकी लाश को ठिकाने लगाया था, उसने यह सुनिश्चित किया था कि इसे कूगर और जैगुआरों के नजदीक एक तोहफे की तरह छोड़ जाए।

डेवन अपने दो भाइयों, निक और वारेन और उनकी इकलौती बहन कैट के साथ इस क्लब के कुछ हिस्से का भागीदार था, अफवाहें गर्म थीं कि दोनों क्लबों के बीच एक खामोश दुश्मनी पक रही थी और जब से दस साल पहले उन दोनों के पिता गुम हो गए थे, दोनों परिवारों के बीच एक प्रतिद्वंदिता पनप गई थी।

दोनों क्लबों के बीच की दुश्मनी की असल वजह जान कर ट्रेवर की आँखें सिकुड़ गई थीं। ये सामान्य क्लब नहीं थे ; इनका मालकिाना और संचालन इच्छाधारियों के हाथ में था। वह क्लब, जहां केली काम करती थी, वह इच्छाधारी कूगरों के द्वारा चलाया जाता था। उसने वहाँ से काम छोड़ा था और इच्छाधारी जैगुआरों के लिए काम करने को आई थी, और दूसरे ही दिन मृत पाई गई थी। यह ध्यान खींचने के लिए काफी था और इसे नज़रअंदाज़ करना मुश्किल था।

यदि इंसानों को पता चल जाता कि उनके बीच इच्छाधारी रह रहे हैं, तो भगदड़ मच जाती....लेकिन बिना इस रहस्य का खुलासा हुए, वे लंबे समय से समाज का एक भाग रहे थे। जब तक वे मनुष्य जाति के कानूनों का पालन कर रहे थे, तब तक उनका राज़ ज़ाहिर कर के अफरा-तफरी पैदा करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। यदि कभी ऐसा कुछ हुआ तो इंसानी सोच अंधेरे युग में लौट जाएगी।

इसी सिद्धान्त के तहत ब्लैकोप्स सीआईए पैरानॉर्मल कमांड इससे उसी तरह निपट रही थी, जैसे वे उड़नतश्तरियों और परग्रहियों के मुकाबलों से निपटे थे ; झूठ बोलो, छुपाओ और ढक दो। इच्छाधारियों के अलावा वहाँ कुछ और बदतर चीजें भी थीं, जो इंसानियत में अच्छी तरह पैठ बना चुकी थीं.....अन्य, अधिक खतरनाक प्राणी, जिनके बारे में मनुष्य केवल डरावनी फिल्में बनाते थे और कुछ ऐसे भी थे जिनके बारे में मनुष्यों को भान तक नहीं था।

लेकिन जब लोग गुम होने और मरने लगे, तो यह पता लगाने के लिए, कि हो क्या रहा था, उसका दल यहाँ बिखर गया था।

डेवन को लड़की को छोड़ कर किसी को घूरने के लिए सलाखों के नजदीक पहुँचते देख कर ट्रेवर ने अपनी नज़रें घुमाईं। जब उसने एनवी को उसी पिंजरे पर पीछे की ओर झुके और उसे नोच डालने को आतुर मर्दों के समूह से घिरे हुए पाया तो उसने अपना रक्तचाप एकदम से बढ़ता हुआ महसूस किया।

वह यहाँ क्या कर रही थी ? उसने बिना कुछ सोचे अपनी डांस पार्टनर को छोड़ दिया और भीड़ के बीच से रास्ता बनाता हुआ उसके पास पहुँच गया।

जब उस लड़की ने, जिसने उसका ध्यान खींचा था, अपने पीछे की सलाखों को पकड़ने के लिए अपना हाथ उठाया तो डेवन अपने गले में ही धीमी आवाज़ में गुर्राया। वह उसकी गर्मी को पूरे क्लब में मौजूद सारे लोगों के बीच भी महसूस कर सकता था और इसी ने उसे आकर्षित किया था।

अपने हाथों को उसके हाथों पर रखते हुए, उसने अपनी उंगलियों को, मनमोहक ढंग से, अपने पिंजरे की सलाखों से होते हुए उसकी बाहों के पीछे डाल दिया।

अभी एनवी उस कामोत्तेजक नर्तक की तरफ देखने को मुड़ने ही वाली थी, कि किसी ने उसकी बांह पकड़ ली और एक झटके में उसे पिंजरे से दूर गिरा दिया। जब उसने देखा कि यह कौन था तो उसका मुंह खुला का खुला रह गया। वह ट्रेवर के बारे में बिलकुल ही भूल गई थी ! उसकी कामोत्तेजना टूट गई और जब उसे याद आया कि वह मून डांस किस काम के लिए आई थी तो उसे फिर गुस्सा चढ़ गया....बदला।

"तुम यहाँ क्या कर रही हो ?" उसे पिंजरे और डेवन की खतरनाक पहुँच से से दूर खींचने के चक्कर में ट्रेवर उस पर कुछ ज़्यादा ही कठोर हो गया था। यदि कातिल जैगुआर था, तो जिस तरह से वह एनवी को देख रहा था, उसने उसे उसके अगले निशाने के रूप में चिह्नित कर दिया था।

एनवी ने अपने दूसरे हाथ से सलाख को कसकर जकड़ रखा था क्योंकि जिस तरह से ट्रेवर ने उसके साथ हाथापाई की थी, वह उसे पसंद नहीं आया था। वह ऐसा बर्ताव कर रहा था जैसे उसके बजाय उसने कुछ गलत कर दिया हो। अपनी सबसे दिलकश अदा से मुस्कुराते हुए, उसने उसे बताया, "मैं नृत्य करने आई थी... ठीक वैसे ही जैसे तुम आए थे।"

यह जान कर कि उसने उसे दूसरी लड़की के साथ डांस करते देख लिया है, ट्रेवर के होंठ भिंच गए, लेकिन वह यह बात नहीं समझ रही थी कि वह उन्हें अपने मुखौटे के रूप में इस्तेमाल कर रहा था। वह उनका नाम तक पूछने की आवश्यकता नहीं समझता था। उसने और एनवी ने कुछ पलों तक एक-दूसरे की आँखों में देखा और फिर उसने गहरी सांस ली।

झुक कर उसके कान के पास मुंह ले जा कर वह फुसफुसाया, "मैं समझा सकता हूँ।" वह उसे बताना नहीं चाहता था कि वास्तव में वह कौन है, क्योंकि उसे डर था कि अपने मूर्ख भाई चाड की तरह, वह भी यही समझेगी कि वह उन बारों में पहुँच हासिल करने के लिए उसका इस्तेमाल कर रहा था, जिनमें वह काम करती थी।

"चलो भी," उसने उसे डेवन की गर्म निगाहों से दूर खींचते हुए दोबारा प्रयास किया। उसने एक पल के लिए डेवन पर नज़र डाली और यदि निगाहों से हत्या की जा सकती तो उसकी जगह वहाँ फर्श पर खून बिखरा होता। उसने एक नज़र पीछे डाली और फिर अपनी गर्ल फ्रेंड की तरफ ध्यान केन्द्रित कर लिया।

एनवी ने उसकी ओर सर हिलाया। वह शर्त लगा सकती थी कि वह समझा सकता था। "मैं डांस करने के लिए आई थी। मैं इन अच्छे लोगों के साथ डांस कर सकती हूँ, या तुम भी थिरकना शुरू कर के हमारा साथ दे सकते हो।" उसने नज़ाकत से एक भौंह उठाई, जैसे इससे उस पर कोई फर्क ही न पड़ता हो।

ट्रेवर ने धीरे से अपने सर घुमाया और अपने कंधे के पीछे उन वासना के भूखे लोगों को अब भी वहाँ खड़े पाया, जो इंतज़ार में थे कि उन्हें एक और मौका मिल जाए। "भाग जाओ," उसने एनवी के नजदीक आते हुए उन से जहर भरे लहजे में कहा। अगर वह डांस करना चाहती थी, वह उसके साथ डांस कर सकती थी।

एनवी ने गुस्से में उससे मुंह फुला लिया लेकिन मन ही मन वह सोच रही थी कि जब वह उन दो लड़कियों के साथ इतने इत्तेजक ढंग से नृत्य कर रहा था, फिर वह ऐसे ईर्ष्यालु बर्ताव क्यों कर रहा था। "तुम मज़ेदार नहीं हो।" आखिरकार उसने सलाख को छोड़ा और अपने शरीर पर हाथ फिराया, बेहिचक अपनी जेब से छोटा टेसर निकाल लिया, और फिर अपने हाथ उसकी पसलियों पर फिराया।

डेवन छोटी, लाल बालों वाली लड़की की ओर देखता हुआ पूरी तरह खड़ा हो गया, जिसने उसका ध्यान आकर्षित किया था। उसे उस आदमी की महक पसंद नहीं आई थी, जो उस पर अपना हक़ जता रहा था। वह पुराने बारूद की तरह महक रहा था और इसका मतलब था कि वह अपने शरीर में कहीं कोई हथियार छुपाए हुए था। वह पिंजरा खोल कर बाहर आया और उसने नर्तकी से थोड़ी देर का विराम लेने के लिए कहा।

उसने अपनी उँगलियों से अपने कान को छू कर अपने भाई की बात सुनी, जो उसे लगभग अदृश्य कॉम-लिंक के द्वारा सूचित कर रहा था कि उसके पिंजिरे के पास वाली लड़की के पास एक टेसर है और वह उसे एक आदमी पर इस्तेमाल करने का इरादा रखती है। उसने डांस फ्लोर के पार काली रौशनियों की ओर देखा, जिन्होंने उन सीढ़ियों को रौशन कर रखा था, जिन पर निक खड़ा था और आवश्यकता पड़ने पर हस्तक्षेप करने के लिए तैयार था।

कॉम-लिंक पर वारेन की आवाज़ थी, तो डेवन ने अंदाज़ा लगाया कि उसका सबसे बड़ा भाई उसके सर के ऊपर बने सँकरे मार्ग में लगे नाइट विज़िन कैमरों में से एक से उसे देख रहा होगा।

वापस उसके छोटे हाथों की तरफ देखने पर, जो अब आदमी के शरीर पर सरक रहे थे, डेवन को अचानक उस आदमी का सर उड़ा देने की इच्छा हो आई। फिर जब उसके हाथ उसके कूल्हों पर पहुंचे तो उसने एक रुपहरी चमक देखी। उसके होंठों पर एक कुटिल मुस्कान खेल गई और उसने अभी हस्तक्षेप न करने का फैसला किया।

"मुझे इससे निपटने दो," डेवन कॉम-लिंक में फुसफुसाया।

यह जान कर कि अब यह होने ही वाला है, चाड और जेसन एक दूसरे को देख कर मुस्कुराए, और फिर उन सीढ़ियों की ओर बढ़ गए, जो डांस फ्लोर तक जाती थीं।

ट्रेवर को अचानक एहसास हुआ कि एनवी ने उसे नहीं बताया था कि वह यहाँ आने वाली है, तो वह इतनी ग्लानि क्यों महसूस कर रहा है ? "मैं ने तुमसे पूछा कि तुम यहाँ क्या कर रही थीं ?" उसने दोहराया, और इस बार उसकी आवाज़ सधी हुई थी, और वह उसके और नजदीक गया। उसका दांव उल्टा पड़ गया, उसकी विचार श्रंखला टूट गई, क्योंकि उसका सारा खून उसकी नाभि के नीचे की ओर दौड़ने लगा, जिससे उसे इस क्लब में कदम रखने के बाद से अब तक सबसे कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

एनवी ने लुभावने ढंग से अपना बदन उससे दूर किया ताकि उसके पास तेज़ी से दूर हटने का अवसर रहे। "मैं तुम्हें कुछ देने आई हूँ।" उसने जवाब दिया और उसका ध्यान भटकाने के लिए डांस फ्लोर से एकत्रित की हुई सारी कामवासना को अपनी आँखों में भर कर उसकी आँखों में झाँका।

"मुझे लगता है यह उसी चीज़ के साथ मेल खाएगा, जो तुम्हारे लिए मेरे पास है।" ट्रेवर ने उसके हाथ का स्पर्श अपने नाज़ुक अंग पर महसूस कर के आह भरी।

"चलो, पता लगाते हैं," एनवी फुफकारी, और टेसर को उसके तनाव से कठोर होते अंग पर दबा दिया और झटके से पीछे हट गई, जबकि उसने स्वयं पर नियंत्रण खो दिया और बिना आवाज़ किए घुटनों के बल गिर पड़ा। "अरे !" एनवी ने होंठ फुलाए और टेसर को जल्दी से अपनी जेब में डाल लिया और मुड़ कर दूसरी दिशा में भागी। अंत में वह चाहती थी कि ट्रेवर को अपनी शक्ति वापस बटोर कर खड़े होने तक वह वहीं खड़ी रहे।

जब एनवी अंधेरे डांस फ्लोर पर से अपने लिए रास्ता बना रही थी, किसी ने मजबूती से उसका हाथ पकड़ लिया। यह सोच कर कि वह उसका भाई होगा ; उसने फौरन ऊपर नहीं देखा और भरोसे से उसके साथ चली गई। जैसे ही उसने नज़र ऊपर उठाई, एक छोटा सा दरवाजा खुला और उसे उसमें धकेल दिया गया।

एनवी जब तक पलट कर देखती, वह बंद हो चुका था। सर के ऊपर लगी एक धीमी रौशनी में टीवी का मॉनिटर और वही आदमी प्रकट हुआ, जो पिंजिरे में था। उसने बोलने के लिए अपना मुंह खोला लेकिन उसने बात काट दी।

"मैं समझता हूँ कि यह बेहतर होगा कि तुम अपने हाथ के काम की निगरानी ऑफिस की सुरक्षा से करो।" डेवन ने एक मॉनिटर के पर्दे की ओर इशारा करते हुए कुटिल मुस्कान के साथ कहा।

एनवी ने यह सोचते हुए पर्दे पर नज़र डाली कि ट्रेवर को अपना नाज़ुक अंग पकडे हुए देख कर वह हँसेगी.... लेकिन इसकी बजाय, उसे उसके लिए दुख होने लगा। उसे ऐसा लगा जैसे उसकी धडकन रुक गई हो। उसे दर्द में देख कर उसे खुशी हुई कि मॉनिटर में आवाज़ नहीं थी, क्योंकि वह बिलकुल नहीं जानना चाहती थी कि वह क्या कह रहा था।

वह बेआवाज पर्दे पर देखती रही कि चाड और जेसन भीड़ से प्रकट हुए और ज़मीन से उठ कर खडे होने में उसकी मदद की। वह नहीं कह सकती थी कि उनके बीच क्या बातें हो रही थीं, लेकिन जब ट्रेवर ने चाड को उतनी ताक़त से दूर धकेला, जितनी बिजली का झटका लगने के बाद कुछ ही पलों में वह जमा कर पाया था, तो उसकी निगाहें दरवाजे की ओर गईं और इससे पहले कि उन में से कोई ज़ख्मी हो जाए, वह बाहर जाने के लिए तैयार हो गई।

जब एनवी ने नर्तक को, जो उसके और दरवाजे के बीच में खडा था, चेतावनी पूर्वक सर हिलाते हुए देखा, तो उसने फिर से मॉनिटर पर नज़र डाली और यह देख कर हैरान रह गई कि जेसन ने ट्रेवर की बाहों को पीछे से पकड़ रखा था जबकि चाड ने उसे हथकडियाँ पहना दीं।

अपने बचपने पर उसे बेहद क्रोध आया और वह चाड से यह कहने के लिए दरवाजे की ओर बढी कि वह ट्रेवर को छोड़ दे। फिर से उस हाथ ने उसकी बांह पकड़ ली। उसने उसकी आँखों में देखने से बचने के लिए नीचे देखा, जबकि यह सब उसकी ग़लती से शुरू हुआ था। ग्लानि ने उसके गुस्से की आग को और भी भड़का दिया और उसकी हिम्मित को ताज़ा कर दिया।

"मुझे एक आदमी को बिजली का झटका देते हुए देख कर भी क्या तुम्हें लगता है कि यह अच्छा रहेगा ?" उसने अचानक उसकी ओर देखा और उस की नज़र के प्रभाव में अपनी साँसों को रुकने से बचाने का प्रयास किया। अब जब वह उसे करीब से देख रही थी, पिंजिरे की सलाखों के पीछे की तुलना में अब उसकी आँखें और भी हसीन लग रही थीं।

"वे दोनों आदमी जो भी हों, शायद तुम डांस के लिए दोबारा जाने से पहले चाहती हो कि वे उसे उठा कर क्लब से बाहर ले जाएँ।" उसकी आँखों में उठती चिंगारियों को देख कर डेवन ने फिर से चेतावनी दी। वह उस आदमी को जा कर बचाने के लिए उन के रोमांच को लगभग देख सकता था, जिसे उसने अभी-अभी घायल किया था.....न तो उसको जाने देने का उसका कोई इरादा था। "तुम्हारा नाम क्या है ?"

"क्यों ?" एनवी ने उसकी पकड़ से अपनी बांह छुडाई। "तो तुम चाहते हो कि मालिक मेरे इस क्लब में आने पर पाबंदी लगा दें ?"

"संभवतः नहीं," डेवन इस विचार पर धमकी भरे अंदाज़ में गुर्राया। "लेकिन बाकी की रात तुम्हें उस टेसर को अपनी जेब में रखना चाहिए।" उसने उसे यह देखने के लिए कि उसका शिकार चला गया है, वापस मॉनिटर की तरफ देखते हुए देखा

'धत तेरे की,' एनवी मन ही मन बडबडाई, और लकडी के पीछे से आती संगीत की धमक से होते कंपन को महसूस करते हुए पीछे दरवाजे की ओर झुक गई। यह जान कर की उसने कुछ ज्यादा ही कर दिया है, उसने अपना निचला होंठ काट लिया। उसने उस दूसरी वजह को याद किया, जिसे के लिए वह आज रात मून डांस में आई थी और सोचने लगी की क्या यह काम मांगने का सही अवसर है। क्यों न एक जोखिम उठाया जाए ? उसने मन ही मन सोचा। "क्या तुम बता सकते हो कि यहाँ कोई काम मिलेगा ?"

डेवन उस धीमी सी मुस्कुराहट को रोक नहीं सका जो उसके होंठों पर फैल गई थी। उसको थोडी देर के लिए उस पिंजिरे में ले जाने के लिए वह कुछ भी दे देता, ताकि वह उस के अंदर की आग को अपने वश में कर सके। "क्या तुम नृत्य करती हो ?" उसने आशा से पूछा।

एनवी को जब याद आया कि उसने उसे पिंजिरे में देखा था तो उसकी आँखें चौडी हो गईं और उसकी जांघें जल उठीं....और गाल तमतमा गए। "नहीं," वह फुसफुसाई, थोडा ज्यादा ही रुखाई से, "नृत्य नहीं करती, मैं क्षेत्र के कुछ अन्य क्लबों में बार टेंडिंग करती हूँ और जब मैं यहाँ आई थी तो एक प्रार्थनापत्र देना चाहती थी।"

दुख की बात है," डेवन बनावटी हँसी हंसा, फिर वह आगे बढा और मेज़ की एक दराज़ खोली। उसने प्रार्थनापत्र निकाला और उसके हवाले कर दिया। उसने अब भी उसे अपना नाम नहीं बताया था, लेकिन यदि वह यह फॉर्म भर देती, तो उसे हर वह जानकारी मिल जाती, जो वह चाहता था। वह यह भी सुनिश्चित करना चाहता था कि वह नाइट लाइट में काम न करे।

वह उन लोगों से तंग आ चुका था, जिन्हें वे जासूसी करने के लिए यहाँ भेजते थे। यह क्विनि था जिसने कूगर और जैगुआरों के बीच की दोस्ती को समाप्त कर दिया था, ताकि कूगर उन्हें बस अकेला छोड़ दें, जहां तक उसकी बात थी।"

नाइट लाइट ने किसी को भेजा था, आखिरी व्यक्ति, जिन्हें उन्होंने काम पर रखा था, और अब जब उसका कत्ल हो चुका था, कूगर जवाब पाने के लिए मून डांस की ओर देख रहे थे.....और पुलिस वाले भी। उसकी किस्मत थी, उस अकेली रात, जब उसने यहाँ काम किया था, उसने उसके साथ उस पिंजरे में बंद होने की ख्वाहिश जाहिर की थी।

यह जानते हुए कि उसे यहाँ ज्यादा से ज्यादा रोकने का सबसे तेज रास्ता यह था कि वह जो चाहती थी, उसे दे दिया जाए, डेवन ने डेस्क के नीचे से कुर्सी खिसका कर निकाली। "तुम इसे अभी भर सकती हो। शायद आज रात बीतते-बीतते तुम्हें एक और जॉब मिल जाए,"

एनवी बैठ गई लेकिन लेकिन माथे पर शिकन के साथ पीछे मॉनिटर पर एक नज़र डाली। "क्या तुम्हें लगता है कि मालिक ने मुझे ट्रेवर को टेसर करते देखा होगा ?" अपने दिमाग में छवि बनाते हुए कि यह कैसा लगा होगा, उसने अपना निचला होंठ काट लिया। "मैं सच में सोच रही हूँ कि काश, मैं ने वह न किया होता।"

डेवन अपनी कुर्सी की पीठ पर झुक गया, जैसे वह उसके साथ मॉनिटर को देख रहा हो। अपने होंठों को उसके कानों के पास लाते हुए उसने पूछा, "अगर मालिक ने देखा होगा और तुम से इसके बारे में पूछेगा, तो तुम क्या कहोगी ?" उसने धीरे से सांस भरी, क्यों कि उसकी महक ने उसे अपने आलिंगन में ले लिया था और उसके खून में गर्मी भर रही थी।

एनवी ने ऊपर उसकी ओर देखने के लिए अपना सर घुमाया ही था कि वह रुक गई। अपनी नजदीकी से जो संवेदन वह पैदा कर रहा था, वह उसके कंधे से होता हुआ उसके गले के किनारे तक पहुँच गया था। "मैं बस मतलबी हो गई थी।" उसने सांस ली और महसूस किया कि वह एहसास उसके मध्य भाग तक आ पहुंचा था। यह आदमी उसकी इंद्रियों के लिए खतरनाक था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि पीछे पलट कर उसका चुंबन ले या बचने के लिए भागे।

डेवन के होंठ के किनारों पर मुस्कुराहट की एक झलक आई लेकिन वह अपनी जगह से नहीं हिला, "तो, तुम बिना किसी कारण के आदमियों को टेसर करती फिरती हो ?" वह उसके उठते हुए कांटे को सूंघ सकती थी, जिसने उसकी पैंट को बेचैन करने लायक कस दिया था।

"नहीं," एनवी ने अपने सामने पड़े छोटे से होल्डर से कलम निकाल कर फॉर्म भरना शुरू कर दिया और इस तरह ध्यान भटकने से उसे खुशी हुई। "केवल उन्हें, जो इसके काबिल हैं।" उसने जवाब दिया, वह इसके बारे में बात नहीं करना चाहती थी।

डेवन पूरी तरह खड़ा हो गया और उसने उसे कुर्सी से खींच कर अपने सामने मेज़ पर बैठा लेने की अपनी इच्छा से संघर्ष किया। हालांकि वह पहले ही उसके रेशमी बालों को, जो कुर्सी की पीठ के पीछे गिर रहे थे, अपनी उँगलियों से सहला रहा था।

जब तक उसने फॉर्म भरा, वह खामोशी से उसके पीछे खड़ा एक-एक शब्द पढता रहा। एनवी सेक्सटन, और शुक्र था कि उन क्लबों की लंबी-चौड़ी सूची में से, जहां उसने काम किया था, कूगरों और पिशाचों के क्लब गायब थे। वह जानता था की शीघ्रता से कुछ फोन कर के वह दूसरे क्लबों को उसे शेड्यूल से बाहर रखने के लिए कह कर उसका अधिकतर समय खाली करवा सकता था। वह इस छोटी सी जंगली बिल्ली को किसी के साथ बांटना नहीं चाहता था।

एनवी ने फॉर्म भर दिया और उठना चाहा, लेकिन डेवन ने उसे वहीं रोकने के लिए उसके कंधे पर अपना हाथ रख दिया। उसने जल्दी से कागज़ उसके हाथ से ले लिया और दरवाजे की ओर बढ़ गया।

"यहीं ठहरो, मैं कुछ ही मिनटों में जवाब ले कर आता हूँ।" डेवन ने दरवाजे का हैंडल पकड़ा लेकिन जब वह बोली तो दरवाजा खोलते-खोलते रुक गया।

"तुम्हारा नाम क्या है ?" एनवी ने यह सोचते हुए, कि क्यों न वह मालिक को खुद यह कागज़ दे, पूछा। शायद आज ही उसका साक्षात्कार भी हो जाए।

"डेवन सांटोस," उसने जवाब दिया, फिर इससे पहले कि वह उसे रोक पाती, वह दरवाजे के पीछे गायब हो गया।

वह जानता था कि निक ठीक दरवाजे के बाहर उसका इंतज़ार कर रहा था, क्योंकि वह उसकी महक सूंघ सकता था। निक को कागज़ सौंपते हुए डेवन उसे सूचित किया, "हम एक नई बारटेंडर रख रहे हैं।" निक कागज़ को देखने लगा, और यह जानते हुए भी कि वह उन्हीं चीजों की जांच कर रहा है, जिनकी जांच वह पहले ही कर चुका है, उसने प्रतीक्षा की।

निक ने अंदर घुस आए कुछ पिशाच एवं उनकी साथिनों को भगा दिया था और इससे आज की रात उसका मूड खराब हो गया था। वह पिशाचों से और किसी भी इंसान से, जो इतना मूर्ख हो कि उनके साथ समय बिताए, नफरत करता था। यह देख कर कि लड़की के उनके साथ संबन्धित होने के कोई आसार नहीं थे और उससे संबन्धित अपने भाई की उत्तेजना को सूंघ कर निक ने फैसला किया कि वह डेवन के चक्करों को उसे ही सुलझाने दे।

अंततः उसने प्रार्थनापत्र वापस लौटा दिया, "उससे टेसर घर पर छोड़ कर आने के लिए कहना।" निक ने एक पल के लिए अपने भाई को देखा, फिर जोड़ा, "कैट ने बताया कि जिस आदमी को उसने टेसर किया था, वह उसका प्रेमी था और वह आदमी, जो हथकड़ी पहना कर उसे घसीटते हुए ले कर गया था, उसका भाई था।"

"उसके उस प्रेमी के पास एक बंदूक थी। मैं उसे सूंघ सकता था।" डेवन ने कंधे उचकाए, हालांकि उसकी आँखें सिकुड़ गईं, "शायद वह इतना अच्छा प्रेमी न हो।"

"तुम्हें उसके आस-पास सावधान रहना चाहिए।" निक ने अपना सर हिलाया, क्योंकि उसके भाई की आँखों में और भी दिलचस्पियाँ लहरा रही थीं। "अगर तुम उसे चाहते हो, तो जब वह यहाँ होगी, तुम्हारे ही नियंत्रण में रहेगी।" निक को एक पिशाच की झलक मिली और उसने अपने दाँत किटकिटाए। बिना एक और शब्द बोले, वह सीढ़ियों से नीचे उतर गया।

एनवी ने घबराते हुए चारों ओर देखा और उसे एक लिफ्ट दिखी, जिस पर पहले उसका ध्यान नहीं गया था। यह देख कर कि किसी सामान्य बटन की जगह इसमें एक की पैड है, उसने नज़ाकत से एक भौंह उठाई। उसने यह सोचते हुए मेज़ पर कलम से टैप किया कि जाने उसे कितनी देर इंतज़ार करना पड़ेगा। वह अब भी जानना चाहती थी कि क्या चाड ने सच में ट्रेवर को गिरफ्तार किया था, या उसे केवल क्लब से बाहर ले गया था।

एक पल के लिए इस पर से अपना दिमाग़ हटाने के प्रयास में उसने डेस्क के चारों ओर नज़र डाली। अपने भाई की तरह वह भी पैदाइशी जासूस थी, हालांकि चाड ने यह तथ्य छुपाने की कोशिश की थी। सच्चाई यह थी कि चाड एक महान जासूस बना होता। वह सबको बताता था कि वह एक सामान्य पुलिस अधिकारी है, लेकिन यह सच के आस-पास भी नहीं था। वह स्वात दल का मुखिया था।

अंततः उसने एक कागज़ की ओर देखा, जो उसने अंजाने में उठा लिया था। यह एक आपूर्ति की रसीद थी। उसकी दृष्टि बिलिंग विवरण से होती हुई नीचे लिखे हुए नाम पर पड़ी। उसने कागज़ के टुकड़े को वापस मेज़ पर पटक दिया। डेवन सांटोस..... वही कमीना। वह डरावने मालिकों में से एक था और उसके ऊपर ऐसा ज़ाहिर कर रहा था कि वह सिर्फ एक नर्तक है।

उसी पल दरवाजा खुला और डेवन अंदर आया। "तुम कब से शुरुआत करना चाहती हो ?"

*****

निक दौड़ता हुआ डांस फ्लोर को पार कर के सीढ़ियों से होता हुआ प्रवेश द्वार तक पहुंचा। उसने दरवाजे को धक्का दे कर खोलने में ज़रूरत से ज़्यादा ही ज़ोर लगाया और उस आदमी को देखा, जो सुरक्षा घेरे को पार करने की कोशिश कर रहा था। क्योंकि अधिकतर सुरक्षा कर्मी इच्छाधारी थे, तो वे पिशाचों को सूंघ सकते थे, भले ही उन में कोई बाहरी लक्षण न नज़र आ रहे हों।

एक सामान्य पिशाच का फैशन सेंस प्राचीन भीड़ से संबन्धित प्रतीत होता था। हालांकि पिछले कुछ महीनों में लगभग 10 ने बिजिनेस सूट में, या बस मामूली क्लब की पोशाक में अंदर घुसने का प्रयास किया था। यही कारण था कि अब वे रूप-रंग की बजाए महक पर अधिक भरोसा कर रहे थे। पहला नियम.....मालिकों में से किसी एक की इजाज़त के बिना किसी भी पिशाच को घुसने न दिया जाये।

"आपको यहाँ क्या काम है ?" निक ने अपने इंसानी श्रोताओं के कारण व्यावसायिक लहजा बनाने का प्रयास करते हुए पूछा। आदमी ने अपनी गर्दन एक ओर को झुकाई और एक कुटिल मुस्कान दी, जिसने निक के पेट में खलबली मचा दी।

"मैं अंदर जाना पसंद करूंगा।" रेवेन ने कहा, जबकि उसने अपनी पुतलियों को फैलाते हुए अपनी शक्तियों का प्रयोग किया, जो पैशाचिक बाध्यता जादू के अंतर्गत आने वाले किसी को भी सम्मोहित करने में सक्षम थीं।

निक ने उसे ऊपर से नीचे तक देखा। आदमी के बाल काले थे, जिनके सिरों पर गुलाबी रंग किया हुआ था, जो उसके चेहरे पर बिखरे हुए थे। वह युवा था ; शायद पच्चीस का भी नहीं होगा, उसकी त्वचा पीली थी और आँखों के आस-पास मोटा लाइनर लगा हुआ था। उसके होंठों पर काली लिपस्टिक सजी थी, यहाँ तक कि उसके नाखूनों पर भी काली नेल पॉलिश लगी हुई थी।

"माफ कीजिएगा श्रीमान......" निक पिशाच की हर चेष्टा पर नज़र रखते हुए एकदम स्थिर खड़ा रहा। आकार और उम्र चाहे कुछ भी हो, पिशाच खतरनाक होते थे, और उन्हें कम कर के नहीं आँका जा सकता था।

"रेवेन, मुझे रेवेन कहिए," आदमी ने सोचते हुए जवाब दिया कि जैगुआर को कितनी दूर तक उकसाया जा सकता है।

"माफ करना रेवेन, हम अपनी पूरी क्षमता में हैं।" निक ने समझाया, जबकि उसने अपनी उँगलियाँ अपनी दो शॉट वाली डेरिंजर पर लपेट लीं, यह उसकी चमड़े की जैकेट की जेब की गहराई में पड़ी हुई थी। इसमें चांदी की खोखली गोलियां भरी हुई थीं, जिनमें पवित्र जल भरा हुआ था। जब उसे एहसास हुआ कि उसके बाजू में हड्डी की मूठ वाली एक लकड़ी की कटार भी लगी हुई है, तो उसके होंठों के कोने में व्यंगात्मक मुस्कान की एक झलक आ गई।

"तो फिर ये लोग अब तक कतार में क्यों खड़े हैं ?" रेवेन ने जैगुआर की पुतलियों पर सुनहरी रंगत चढ़ते देख कर पूछा।

निक मुस्कुराया लेकिन ऐसा लगा जैसे वह अपने दाँत पीस रहा हो। "उनका आरक्षण है।"

एक पल के लिए रेवेन की आँखें मंद रोशनी में चमक उठीं, जैसे वे उसके भीतर की आग से अशुभ रूप से चमक उठी हों। निक तीन कदम उतर कर सड़क के स्तर पर खुद को रेवेन और मनुष्यों की भीड़ के बीच में ले कर आ गया, फिर वह रेवेन के कान के करीब झुका।

"अब भाग जाओ, पिशाच," वह ठंडे लहजे में फुसफुसाया, और उसने लकड़ी के खंजर की नोक को रेवेन की पसलियों पर दबाया, जहां कोई इसे देख नहीं सकता था। "तुम अंदर नहीं जा सकते हो।"

निक सीधा हो गया और उसके सामने अपनी बांह को मोड़ा ताकि उसे खंजर से एक झटके में थोड़ी चुभन महसूस हो। "मुझे बहुत खेद है, श्रीमान, आपकी शाम अच्छी गुजरे।"

रेवेन भी से मुस्कुराया, इस बार लुभावने ढंग से, "ओह, मैं ने योजना बनाई थी।"

वह दरवाजे की विपरीत दिशा में मुड़ गया और अपने हाथों को अपनी काली जींस की जेबों में दफन किए हुए सीटी में एक डरावनी सी धुन बजाता हुआ सड़क पर चल पड़ा। जब जैगुआर उसके कान में फुसफुसाने के लिए उसकी ओर झुका था, रेवेन ने अपने मालिक को चुपके से क्लब में घुसते हुए देख लिया था। उसने केन को कुछ समय से देखा नहीं था। वास्तव में पिछले कई हफ्तों में पहली बार देखा था, हालांकि उसने उसकी सम्मोहक आँखों की चुभन को कई बार खुद पर महसूस किया था।

रेवेन को जिस चीज़ ने ताज्जुब में डाल दिया था, वह यह थी कि वह अपनी इच्छा से अपने दुश्मनों के गढ़ में घुस गया था। उसके मालिक ने उसे खुद को इस जैगुआर जाति के मुखिया द्वारा ज़िंदा दफन कर दिये जाने की कहानी सुनाई थी। क्या उसके मालिक की खुद की कोई योजना थी ?

'उन्होंने आपको निशाना बनाया, मेरे मालिक, लेकिन इस बार मैं सुनिश्चित करूंगा कि खून उनके हाथों में हो।' रेवेन अंधेरे में गायब होने से पहले खुद से ही बड़बड़ाया। उसे पता था कि उसे अधिक इंतज़ार नहीं करना पड़ेगा। वह अभी से अपने नए शिकार के खून की महक सूंघ सकता था, क्योंकि उसकी महक मून डांस की ओर से आने वाली हवाओं में मौजूद थी।

*****

कैट ने देखा कि चाड और जेसन ने क्लब से बाहर जाने में बदनसीब प्रेमी की मदद की.....हथकड़ियों में। कहावत है कि बिल्ली जिज्ञासा में मारी जाती है, लेकिन उसे तो सिर्फ यह पता लगाना था कि उन्होंने उसके साथ क्या करने की योजना बनाई है। अगर और कुछ नहीं, तो बस रात भर इसके बारे में सोचने से बचने के लिए।

बगल के दरवाजों में से एक से निकल कर वह अंधेरे में छुपती हुई उनका पीछा करने लगी। अपनी शक्तिशाली इंद्रियों के कारण वह जो कह रहे थे उसे सुनने के लिए उसे उनके ज्यादा नजदीक जाने की आवश्यकता नहीं थी।

चाड और जेसन ने ट्रेवर को उसकी और पुलिस की कार के बीच में फंसा दिया, ताकि चोट खाया हुआ प्रेमी गुस्से में एनवी को ढूँढने क्लब में न जा सके। चाड ने हथकड़ी खोल दी, वह जानता था कि बिना किसी उचित कारण के वह उसे वास्तव में गिरफ्तार नहीं कर सकता था.....और किया भी नहीं था, जब तक उसने उसे धक्का नहीं दिया था।

"मैं शर्त लगा सकता हूँ कि उसे मेरे बारे में तुम्हीं ने बताया होगा !" ट्रेवर जेसन पर गुर्राया। "तुम यह मत समझना कि तुम जैसा उसके पीछे पड़े हो, उस पर मैं ने ध्यान नहीं दिया। तुम हमारे फटे में टांग अड़ाने से बाज़ नहीं आओगे, है ना ?"

जब जेसन ने गुस्से में कदम आगे बढ़ाया तो चाड ने अपनी बांह उसके सामने अड़ा दी। "जेसन, मुझे यह यहीं से मिला है।" तुम अंदर जा कर एनवी को क्यों नहीं ढूंढते ? मैं नहीं चाहता कि जब तक ट्रेवर यहाँ है, वह बाहर निकले।

"तुम मुझे अंदर जाने से नहीं रोक सकते, मैं काम कर रहा हूँ।" ट्रेवर बिना कुछ सोचे फुफकारा।

"हाँ, हमने देखा, तुम कौन सा काम कर रहे थे," जेसन ने उसकी बगल में घूंसा मारा, लेकिन चाड की चुभती हुई नज़रों को देख कर वह समझ गया कि इससे पहले कि वह उसे भी हथकड़ी पहनाए, उसे अंदर चले जाना चाहिए।

अपनी एड़ियों पर घूम कर जाते हुए उसने ट्रेवर को चिढ़ाते हुए एक और फिकरा कसा, "तुम हमें डांस फ्लोर पर पाओगे....एक दूसरे से लिपटे हुए।"

ट्रेवर उसकी ओर झपटा, लेकिन चाड ने उसे वापस अपनी कार की तरफ धकेला। चाड को आश्चर्य हुआ, ट्रेवर जितना दिखता था, उससे कहीं ज़्यादा शक्तिशाली था और उसे रोकने के लिए उसे संघर्ष करना पड़ रहा था। "मैं ने तुम्हें चेतावनी दी थी कि मेरी बहन से तब तक न चिपकना, जब तक तुम उसे बता न दो कि वास्तव में तुम कौन हो, और क्लबों में तुम्हारे समय बिताने का असल कारण क्या है। शैतान आदमी, एनवी को लगता है कि तुम बस वासना के भूखे एक लड़के हो। अगर तुम उसे प्रभावित करना चाहते थे तो तुम्हें उसे सच्चाई बता देनी चाहिए थी। वह किसी झूठे को कभी नहीं पचा पाएगी। विशेष तौर पर तब जब वह उस से ही झूठ बोल रहा हो।"

कैट ने अपनी निगाहें ट्रेवर पर जमा दीं। इस सब का मतलब क्या था ?

"तुम जानते हो, और मैं भी जानता हूँ कि अगर मैं उसे बता दूँगा कि मैं अंडर-कवर काम कर रहा हूँ, तो वह हमेशा यही सोचती रहेगी कि जब मैं उसके साथ क्लब में समय बिता रहा था तो मैं उसका इस्तेमाल कर रहा था।" ट्रेवर गरजा, वह अपनी सफाई दे रहा था लेकिन उसने वापस क्लब में जाने का प्रयास नहीं किया। अगर वह अपने असली बल का प्रयोग करता तो चाड अब तक मर चुका होता और ट्रेवर उन लोगों से क़तई बेहतर न होता, जिनका उसने शिकार किया था।

इस जानकारी ने उसे शांत करने में और अपनी पाशविक प्रवृत्ति पर नियंत्रण पाने में काफी सहायता की, लेकिन अभी भी उसका क्रोध शांत नहीं हुआ था। "उसने मुझे झटका दिया !"

तुम इसी के काबिल थे, क्योंकि तुम कमीने, धोखेबाज़ प्रेमी हो। तुम्हें उसे सच न बताने की सज़ा मिली है। आज की रात तुम्हारा बस हो गया, हाँ अगर चाहो तो किसी और बार में राता फैला सकते हो, क्योंकि एनवी के पास अब भी टेसर है। चाड व्यंग से मुस्कुराया। "मैं तुम्हें सलाह दूँगा कि आज की बाकी रात के लिए उसे अकेला छोड़ दो.....या बेहतर होगा कि बाक़ी ज़िंदगी के लिए, अगर तुम उसके साथ ईमानदार नहीं हो सकते।"

ट्रेवर ने अपने दाँत पीसे, लेकिन और कुछ नहीं कहा। चाड उसे एनवी से दूर रहने के लिए नहीं कह सकता था, लेकिन उसका गुस्सा ठंडा होने देने की सलाह शायद अच्छी थी।

"ठीक है, लेकिन वह," उसने क्लब की ओर इशारा किया, "तुम्हारी बहन के समय बिताने के लिए सुरक्षित स्थान नहीं है और यह तुम जानते हो !" उसने झटके से अपनी कार का दरवाजा खोला, जिससे चाड चोट लगने के डर से कदम पीछे हटाने पर मजबूर हो गया। उसने ज़ोर से दरवाजा बंद किया और उसे पार्किंग लॉट से निकालने में सिर्फ कुछ सेकंडों का समय लगा।

जब ट्रेवर सड़क पर काफी दूर निकल गया और चाड को उसकी कार की रौशनियाँ दिखनी बंद हो गईं, तो उसने अपना सेल फोन निकाला और उस पर कोई नंबर लगाया, जिससे वह कुछ मदद लेना चाहता था। वह सबसे नजदीकी स्टोर में पहुंचा और एक मालवाहक ट्रक के पीछे अपनी गाड़ी खड़ी की, ताकि उस पर कोई ध्यान न दे।

जिस तरह से डेवन उसे देख रहा था, उसके बाद उसे वहाँ छोड़ आने की मजबूरी ने उसे झुँझला दिया था। अगर डेवन क़ातिल नहीं भी था, तब भी वह नज़र अच्छी नहीं थी। चाड क्या सोचता है कि वह एनवी के लिए मुझ से ज़ोर आजमाइश करेगा ? देखते हैं कि इसमें कितना मज़ा आएगा, जब उसे पता चलेगा कि वह कमजोर है। जब अपने पर आ जाएगा तो वह जेसन को भी मज़ा चखाएगा।

चाड कैट की ओर पलटा तो वह और गहरे अंधेरे में चली गई। उसने भौहें सिकोड़ीं, वह जानती थी कि उसके लिए उसे देख पाना असंभव था.....उसके पास अंधेरे में देख पाने की वह ताक़त नहीं थी, जो इच्छाधारियों के पास थी। उसने अपनी बालों को आँखों के ऊपर से हटाया और यह देखने के लिए इंतज़ार किया कि क्या वह उसे ही देख रहा था, फिर जब वह आखिरकार पलटा और क्लब में वापस चला गया तो गहरी सांस ली।

तो, ट्रेवर एक अंडर-कवर अधिकारी था, और चाड की बहन यह नहीं जानती थी.....ज़ाहिर था कि जेसन भी नहीं जानता था। ट्रेवर ने ज़ोर दे कर कहा था कि वह किसी मामले पर काम कर रहा था। कैट ने यह जान कर दाँत पीस लिए कि वह हत्याओं के बारे में बात कर रहा था। वह वारेन को बताना चाहती थी कि इससे पहले कि उन पर इल्ज़ाम आ जाए, उसे जल्दी ही पता लगाना होगा कि यह खूनी खेल कौन खेल रहा था।

*****

यह सोचते हुए कि डेवन ने यह स्वीकार क्यों नहीं किया कि वह मालिकों में से एक है और खुद ही उसे नियुक्त कर सकता है, एनवी धीरे से खड़ी हो गई। जब लोग उससे झूठ बोलते थे तो उसे उनसे नफरत होती थी, लेकिन वह उसे नहीं जानती थी और उसने उससे कोई क़र्ज़ नहीं लिया था, तो उसने अपने शब्दों को गले में ही घुट जाने दिया। अच्छा होता कि वह नीचे ही ठहरी होती।

"यह भयानक रूप से तेज़ था," उसने उम्मीद से उसकी ओर देखा, और अपनी बाहों को क्रॉस करते हुए अपने सीने पर रख लिया।

"मैं ने तुम्हारे बारे में अच्छी बातें कहीं। कभी-कभी वे मेरी बात सुनते हैं।" डेवन ने उसे उत्सुकता से देखा, और उसकी महक में आए परिवर्तन को महसूस किया। वह उससे नाराज़ थी। इसकी खुशबू अच्छी थी।

"शायद इसलिए कि तुम मालिक हो।" एनवी की हल्की सी मुस्कुराहट गायब हो गई।

तो वह इसलिए नाराज़ थी। जब कोई उससे कुछ छुपाता है तो उसे अच्छा नहीं लगता है। यह बात वह ध्यान रखेगा। डेवन ने धीरे से अपने सर को ज़रा सा झुका दिया। "मैं मालिकों में से बस एक हूँ। मैं मेरे दो भाई और मेरी बहन, सभी क्लब के मालिक हैं। जब हम नए लोगों को नियुक्त करते हैं तो एक दूसरे से मशवरा करते हैं।"

एनवी ने अचानक बुरा महसूस करते हुए उसकी ओर देखा। "माफ करना, मेरा यह मतलब नहीं था....." उसने एक गहरी सांस लेते हुए वाक्य अधूरा छोड़ दिया और अपनी बाहें नीचे कर लीं।

"कम से कम तुम्हारा टेसर तुम्हारी जेब में रहा," उसके मूड को हल्का करने की कोशिश में डेवन मुस्कुराया।

एनवी शर्मा गई और खुद को और अधिक बेवकूफ साबित करने से पहले वहाँ से निकाल जाना चाहा, "अधिकतर मैं दोपहर को काम करती हूँ, और कल मेरी छुट्टी है, तो अगर....." उसने घबराते हुए उसे सूचित किया, जबकि उसकी नज़र दरवाजे पर थी और इससे पहले कि यह इतिहास की सबसे छोटी नौकरी बन कर रह जाए, वह दरवाजे की ओर बढ़ने लगी।

"तो कल रात," जब वह दरवाजे से कुछ ही इंच की दूरी पर थी तो डेवन ने उसके लिए दरवाजा खोल दिया। "सात बजे।"

उसने उसे जाने दिया और उसे दौड़ते हुए देखता रहा क्योंकि वह जानता था कि वह चाहे जितनी दूर चली जाए, वह उसे पकड़ सकता था। उसने ऑफिस का दरवाजा बंद कर दिया और डांस फ्लोर के बाहरी किनारे पर बने मार्ग से उसे सीढ़ियों की ओर जाते हुए देखने के लिए मॉनिटर की ओर घूम गया। जब पहले वाले आदमियों में से एक ने उसका ध्यान खींचने के लिए उसकी बांह पकड़ी तो उसकी आँखें सिकुड़ गईं। डेवन दरवाजे की ओर बढ़ना ही चाहता था कि तभी कैट ने अंदर प्रवेश किया।

"वह, टेसर के साथ वाली लड़की......" कैट ने बोलना शुरू किया, लेकिन अपने भाई की दृष्टि की कठोरता देख कर रुक गई।

"उसका नाम एनवी है और कल की रात तुम्हें उसे रस्सियाँ दिखानी हैं। मैं ने उसे अभी बारटेंडर के रूप में नियुक्त किया है।" डेवन ने अपनी बाहें अपने सीने के आर-पार बांध लीं और मेज़ के किनारे से पीछे की ओर झुक गया।

"अपने पंजे दूर रखो," जब डेवन ने दोबारा मॉनिटर को देखा और तनाव में आ गया तो कैट ने अपना सर झुकाया। उसकी दृष्टि का पीछा करते हुए वह जेसन और एनवी को इसके बीच में देख कर व्यंग से मुस्कुराई। "ओहो, आज की रात उसके ढेर सारे प्रशंसक थे ना ?" वह जानती थी कि यह सच नहीं था, लेकिन वह केवल डेवन की प्रतिक्रिया देखना चाहती थी। उसे उसका जवाब मिल गया, जब उसने कम्प्युटर चेयर की पीठ पर लगे हुए प्लास्टिक को इतनी ज़ोर से दबाया कि वह वहाँ से फट गया।

डेवन ने अपनी आँखें कैट की ओर घुमाईं, "तुम मेरे ऑफिस में क्यों आई हो ?"

कैट उसकी ओर देख कर बस मुस्कुरा दी। इसमें बहुत मज़ा आने वाला था। वह आगे बढ़ी और उसने पर्दे की ओर इशारा किया। "यह आदमी, इसका नाम जेसन फॉक्स है और उसके दोनों दोस्तों के आने तक मैं काफी देर तक बार में उससे बातें कर रही थी।"

डेवन ने अपनी एक भौंह ऊपर उठा कर कैट को देखा और उसके मुद्दे पर आने का इंतज़ार किया।

"वह जेसन ही था जिसने उसे बुलाया था, इसीलिए वह क्लब में आई थी। वास्तव में उसने उसे बाहर चलने के लिए कहा था।" जब कुर्सी की पीठ डेवन के हाथ से पूरी तरह टूट गई तो वह मुस्कुराई। "मुझे नहीं पता कि उसने उससे क्या कहा, लेकिन जेसन ने कहा, 'तो फिर ट्रेवर डांस फ्लोर पर किसी और लड़की के साथ क्या कर रहा है ?'"

"तो यही वजह थी कि उसने दिखावा किया," डेवन प्लास्टिक के टुकड़े को मेज़ पर फेंकते हुए भुनभुनाया। "मुझे यकीन है कि तुम्हारी बात में दम तो है। "

"हाँ, बिल्कुल है, लेकिन तुम्हें कसमसाते हुए देखने में बहुत मज़ा आता है," जब उसने आदतन अपना 'भाड़ में जाओ' रवैया दिखाया तो केट ने अपनी कहानी जारी रखने का फैसला किया। किसी दिन वह इस अभिव्यक्ति को ज़रूर अपनाएगी। "जो भी हो, मैं ने जो कुछ सुना है, उसके अनुसार यह एक नाटक था। उसके भाई ने यह जानते हुए भी उसे टेसर दिया कि वह इतनी पागल है कि अपने धोखेबाज़ बॉयफ्रेंड पर उसका इस्तेमाल करेगी, लेकिन सच्चाई तो यह है कि ट्रेवर उसे धोखा नहीं दे रहा था।"

"क्या ?" यह समझ कर कि कहानी किस दिशा में जा रही थी, डेवन गुर्राया।

अगले दस मिनट कैट ने हर किसी के गंदे रहस्यों के खिलाफ अपने भाई के कान भरने में बिताए। मज़े के लिए वह यह सच्चाई बताना नहीं भूली कि जेसन लंबे समय से गंभीरता से एनवी पर मरता है।

Конец ознакомительного фрагмента.

Текст предоставлен ООО «ЛитРес».

Прочитайте эту книгу целиком, купив полную легальную версию на ЛитРес.

Безопасно оплатить книгу можно банковской картой Visa, MasterCard, Maestro, со счета мобильного телефона, с платежного терминала, в салоне МТС или Связной, через PayPal, WebMoney, Яндекс.Деньги, QIWI Кошелек, бонусными картами или другим удобным Вам способом.